लोकभाव स्वरांजली



जनमेजय सिंह गुलेरिया
चन्द्ररेखा ढडवाल

इंडियन नेशनल ट्रस्ट फार आर्ट एण्ड कलचरल हैरिटेज

लोकभाव स्वरांजली

कांगड़ा के चौरासी जन्मगीतों का भाव विश्लेषण व स्वरांकन

लोक मानस को अभिव्यक्ति देने वाले अनाम शब्दशिल्पियों, संगीत विद् व गीतकारों को समर्पित । लोक संस्कृति व परम्परा जिनकी वजह से वर्तमान का जीवंत घटक बनी रहती है ।

गीत चयन व स्वरांकन - **जनमेजय सिंह गुलेरिया**
कथ्य विश्लेषण व भावानुवाद - **चन्द्ररेखा ढडवाल**

आवरण पृष्ठ का चित्रांकन - **प्रो. सुरेन्द्र शर्मा**

इंडियन नेशनल ट्रस्ट फार आर्ट एण्ड कलचरल हैरिटेज

ISBN	: 978-81-931425-0-9
सर्वाधिकार	: सुरक्षित (लेखक)
प्रकाशक	: **देस संगीत प्रकाशन,** दुर्गा भवन, धर्मशाला (कांगड़ा)
शब्द संयोजन	: सुश्री नीलम व नीला (साई कम्प्यूटरज़, धर्मशाला)
प्रथम संस्करण	: 2015
मूल्य	: 250 ₹
अधिकृत वितरक	: पाठक पब्लिकेशनज़ 35, जीरो रोड, महाजनी टोला इलाहाबाद – 211003 दूरभाष : 098395 53886
	: ढडवाल स्टेशनर्ज एण्ड स्पोर्टस, कचैहरी अड्डा, धर्मशाला। दूरभाष : 01892–224867

मुद्रक : अर्पित प्रिंटर्ज गगल, कांगड़ा # 94180 44708

आभार

कवि-कथाकार व लोक संस्कृति के मर्मज्ञ चितेरे डॉ. गौतम शर्मा व्यथित, हिन्दी, पहाड़ी व लोक संस्कृति को समर्पित सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. पीयूष गुलेरी तथा हिन्दी व पहाड़ी में समान गति से लिख रहे चर्चित साहित्यकार डॉ. प्रत्यूष गुलेरी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता। हिन्दी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर, प्रसिद्ध समालोचक डॉ. ओम अवस्थी, सुपरिचित चित्रकार प्रो. सुरेन्द्र शर्मा, संगीत विद् व ख्याति प्राप्त बांसुरीवादक डॉ. राजेन्द्र सिंह गुरूंग, शास्त्रीय संगीत के अध्ययेता व व्याख्याता गुरु डॉ. सौभाग्यवर्धन बृहस्पति तथा स्वामी अवधपुरी महाराज के प्रति आभार।

इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कलचरल हैरिटेज (इंटैक) के संयोजक श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल तथा अन्य सदस्यों से मिले सहयोग व कांगड़ा सहकारी बैंक समिति के अध्यक्ष श्री जगदीश सिपहिया से मिले स्नेह अनुदान के लिये विशेष धन्यवाद। हम इटैक की प्रदेश प्रभारी श्रीमती मालविका पठानिया के प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं। पूर्व प्रकाशित लोक संस्करणों के प्रणेताओं तथा सहृदयी महिला लोक-गायिकाओं के हम ऋणी रहेंगे, जिनसे हमें जन्म-गीतों की अमूल्य निधि प्राप्त हुई।

स्वर्गीय श्रीमती पावनो देवी अवस्थी, सम्मानीय श्रीमती शकुन्तला ढडवाल, कृष्णा पठानिया, सरला गुलेरिया, शकुन्तला देवी, विद्या देवी, पुष्पलता, सावित्री देवी, सुषमलता मनकोटिया, शारदा राणा, निर्मला गुलेरिया, कामिनी पठानिया, वीना पठानिया, इच्छया मनकोटिया, विन्ता मनकोटिया, कांता जसरोटिया, सोनी चम्बियाल, वीना बड़ोतरा, वीना देवी, कांता देवी, रेखा सिंह, तृप्ता देवी, आशा देवी, अनीता कुमारी, सुवर्णा देवी, सुनीता देवी, कमलेश कुमारी, विमला देवी, सिमरता जम्वाल, शालिनी, कृष्णा ढडवाल, संचिता, चम्पा देवी, प्रेम लता सलारिया, गायत्री देवी, गीता देवी, सुमन बाला, संदीप कुमारी, कमला देवी, रीना कटोच, कांति सूद, बबिता, निशा, पूजा, रंजना, सुदर्शना देवी, रक्षा कुमारी, रिधि अत्री, शिवानी, ज्योति, पूजा, आरती, दिव्या, नीतिका, विक्रान्त, ब्रजेश, संजय, संजीव कौशल तथा अश्विनी चम्बियाल के प्रति विशेष आभार।

पुस्तक के सम्बन्ध में . . . .

लोक एवं स्वरांकन का अद्भुत संगम

कहा गया है कि जब दो कलाओं का सामंजस्यपूर्ण संगम हो जाए तो उनका साकार रूप एक अद्भुत शाश्वत-भाव को जागृत करके अनेक पीढ़ियों की धरोहर बनकर बहुआयामी प्रेरणा जगाने में समर्थ हो जाता है। किन्तु जब लोक-कला और शिष्ट-कला का संगम हो तो उस मणि-काँचन योग का कहना ही क्या ? इस दृष्टि से "लोकभाव स्वरांजली" एक ऐसी सुन्दर संरचना है जो हिमाचल प्रदेश के जन्म गीतों का सुमंजु संकलन तो है ही है, इस पर उन सभी गीतों की भावपूर्ण काव्यात्मक व्याख्या इस मंजूषा को साहित्य प्रेमियों एवं लोकसाहित्य शोधार्थियों के लिए संग्रहीण बनाती है। तिस पर इन जन्मगीतों का स्वर-शास्त्रीय आधार पर स्वरांकन सोने पे सोहागे जैसा है। लोक जन्मगीतों की व्याख्या एवं उनके स्वरांकन का गुरू गंभीर कार्य अपने-अपने क्षेत्र के स्वनामधन्य दो कलाकारों — चंद्ररेखा ढडवाल एवं जनमेजय सिंह गुलेरिया के सद् प्रयत्नों द्वारा संभव हुआ है।

देवनागरी लिपि में लोक गीतों का स्वरूप एवं उनकी व्याख्या इन्हें अखिल भारतीय स्तर पर देखने-समझने और स्थापित करने में भली-भाँति सफल होगी। यही नहीं इनका स्वरांकन जन्मगीतों के वास्तविक लोकरंग और उनकी गायन-विधि को संजोने-संवारने, सहेजने तथा आगामी अनेक पीढ़ियों तक स्वर, लय, तुक, ताल, धुन एवं लटकों-झटकों आदि को उनके मूल स्वरूप में बनाए रखने के लिए समाजोपयोगी सिद्ध होगा।

विश्वास है कि कलाकार-द्वय की यह सुष्ठु एवं सुन्दर रचना लोक एवं शिष्ट समाज के लिए बड़ी उपादेय कृति सिद्ध होगी।

-डॉ. पीयूष गुलेरी
सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफ़ैसर,
अपर्णा-श्री, हाऊसिंग कॉलोनी, धर्मशाला

अतीत व वर्तमान के बीच सेतु

'लोकभाव स्वरांजली' जन्मलोक गीतों का स्वरांकन, भावानुवाद व विश्लेषण लेखन प्रो0 चन्द्ररेखा ढडवाल व श्री जनमेजय सिंह गुलेरिया की टंकित पाण्डूलिपि पढ़ने का अवसर मिला। जो मेरे लिए अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है। आशा है जब यह प्रकाशन पाठक जगत के पास पहुंचेगा, निश्चित रूप से समादरित होगा तथा इसे पर्याप्त सराहना मिलेगी। यह संग्रह शोधार्थियों के लिए विशेष उपयोगी होगा तथा उनका मार्गदर्शन करेगा। यह पुस्तक ऐसी संभावनाओं के बीज भी रोपेगी जिससे इस दिशा में शोध प्रकाशन निरन्तर बना रहेगा तथा आगे बढ़ेगा ..... इस दिशा में मेरा गीतों का संग्रह जिसमें 117 गीत हिन्दी अनुवाद सहित छपे हैं, सन 1972 में छपा था। यह पुस्तक अनेक शोधार्थियों के लिए आधारभूत मानक पुस्तक रही है। क्योंकि लोक गायन संपदा के संग्रह, संपादन व प्रकाशन की दिशा में यह पहला प्रकाशन था। इस लोक गायन परंपरा शैली को जीवंत रखने के लिए शब्द-रूपों से अधिक महत्व गायन शैली का होता है। मुझे कांगड़ा लोक साहित्य परिषद के निदेशन में संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली से जन्म लोक गीतों के स्वरांकन का वीडियो दस्तावेजीकरण रूप में करने की परियोजना मिली (सन 2010-2011 में) उसी समय संगीत विशेषज्ञ के रूप में श्री जनमेजय सिंह गुलेरिया मुझे मिले। संगीत को समर्पित, शिष्ट व सांस्कृतिक व्यक्तित्व से सम्पन्न जनमेजय के सहयोग से हमारा सांझा प्रयास काफी सफल रहा। प्रो0 चन्द्ररेखा ढडवाल ने परोक्ष कथा शीर्षक के अन्तर्गत गीतों के विश्लेषणात्मक वर्णन से जो पूर्व पीठिका संवारी है तथा चौरासी गीतों का हिन्दी में अनुवाद किया है, उसके लिए वह विशेष सम्मान की पात्र हैं। मेरी शुभकामना है कि गीतों के स्वरांकन, अनुवाद व समीक्षा से सम्बद्ध यह पुस्तक सीधे पाठकों तक पहुंचे। अतीत को वर्तमान के लिए किस तरह उपयोगी व सहज सम्प्रेषणीय बनाया जाए, विशेषकर लोक-गीत परम्परा को, उस दिशा में ऐसे प्रयास व संबोधन निश्चित रूप से कारगर सिद्ध होते हैं।

मेरी शुभकामनाएं।

- डॉ. गौतम शर्मा व्यथित

सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफ़ैसर,
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धर्मशाला।
नंदन कुटीर, गांव नेरटी, शाहपुर (कांगड़ा)

लोक संगीत - उपादेय एवं संजीवनी

'लोकभाव स्वरांजली' जनमेजय सिंह गुलेरिया एवं चन्द्ररेखा ढडवाल द्वारा कांगड़ा जनपद के जन्मगीतों के विश्लेषण, भावार्थ एवं स्वरांकन को लेकर एक मौलिक पुस्तक हिमाचली पाठकों को भेंट की गई है। लोकगीत किसी भी प्रदेश की सांस्कृतिक थाती होते हैं। इनमें हमारा जनपद बोलता है, हँसता-गाता और नानाविध अठखेलियां करता है। लोक साहित्य सदियों से मानव के लिए उपादेय एवं संजीवनी का कार्य करता रहा है। लोक-साहित्य किसी भी समाज की अस्मिता का प्रतीक होता है। मनुष्य का संपूर्ण जीवन वैसे भी जन्म से लेकर मृत्यु तक संस्कारों पर आधारित हैं। यह हमारे संस्कार ही हैं जिन्हें हम आजीवन ओढ़े एवं पहने रखते हैं। ये तथाकथित सभ्य समाज को दर्पण भी दिखाते हैं।

लोक संस्कृति हमारी ऐसी धरोहर है जो बदलते समय के साथ खतरों से जूझ रही है। इसका रूप स्वरुप बिगाड़ने की साजिशें चौतरफ़ा रची जा रही है। इस अनमोल सांस्कृतिक धरोहर को बचाने का कार्य भी वर्तमान पीढ़ी का है। यह प्रसन्नता की बात है कि कांगड़ा जनपद के जन्मगीतों का संकलन, चयन, संपादन, विश्लेषण एवं स्वरांकन जनमेजय गुलेरिया और चन्द्र रेखा ढडवाल ने किया है - उन्हें बहुत-बहुत बधाई। पुस्तकाकार में ये जन्मगीत सुरक्षित तो रहेंगे ही साथ ही इन्हें गाए जाने की पुरानी तकनीक 'भाख' भी मिलेगी। जन्मगीतों के प्राय: सब रूप इस पुस्तक में उपलब्ध हैं। हिन्दी भावार्थ देने से ये हिमाचली जन्मगीत पूरे देशवासियों को आनंद उठाने में सुगम हो गए हैं।

- डॉ. प्रत्यूष गुलेरी
सदस्य साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली,
कीर्ति कुसुम, सरस्वती नगर, धर्मशाला (हि.प्र.)

कला उपासकों की सराहनीय कृति

'लोकभाव स्वरांजली', शीर्षक के अन्तर्गत प्रस्तुत संरचना जिसमें कांगड़ा जनपद के जन्म संस्कार गीतों का संकलन, स्वरांकन, भावानुवाद एवं समीक्षात्मक वर्णन, श्री जनमेजय सिंह गुलेरिया व प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल द्वारा किया गया है, निःसंदेह एक सराहनीय प्रयास है। श्री जनमेजय सिंह, उच्च शैक्षणिक योग्यता रखने के साथ-साथ परिश्रमी, मृदुभाषी, कर्त्तव्य-निष्ठ एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ तथ्यों का आंकलन करने वाले व्यक्तित्व के स्वामी हैं। वर्ष 2008 से 2010 में उन्होंने मेरे निर्देशन में ''कांगड़ा के जन्म गीतों की गायनशैली का संगीतात्मक अध्ययन'' शीर्षक के अन्तर्गत संगीत चूड़ामणि (पी.एच.डी.) उपाधि के लिए शोध प्रबन्ध लिखा। इन्होंने जन्म संस्कार गीतों के संकलन के साथ-साथ राग लक्षण-तत्त्वों के आधार पर 84 गीतों का संगीतात्मक विश्लेषण एवं मूल्यांकन कर उन्हें स्वरलिपिबद्ध किया है। जो भविष्य में शोधार्थियों, कला मर्मज्ञों एवं सुधी पाठकों के लिए महत्त्वपूर्ण साबित होगा। इसी क्रम में प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल के बहुप्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व में जहाँ एक ओर कवयित्री, कहानीकार, निबन्धकार एवं लोक संस्कृति विश्लेषिका का गुण झलकता है, वहीं दूसरी ओर वे ईश्वर प्रदत्त मधुर कंठ की स्वामिनी भी हैं। उन्होंने अपने व्यापक अनुभव के आधार पर जन्म संस्कार गीतों में वर्णित लोक नारी के मनोभावों को बड़ी ही सहजता एवं सूक्ष्मता से उकेरा है, जो शब्द और स्वर का आवरण ओढ़े उस काल-परिस्थिति का सहज दिग्दर्शन करवाने में सक्षम हुई हैं। इन दोनों कला उपासकों को उनकी इस अनुपम कृति के लिए दिल की गहराईयों से शुभकामना एवं साधुवाद देना चाहता हूं तथा प्रार्थना करता हूं कि यह पुस्तक अपने मूल रूप में सुरक्षित, संरक्षित एवं संवर्धित रहे तथा बदलते समय के प्रभाव में काल कवलित होने से बची रहे।

– डॉ. राजेन्द्र सिंह गुरूंग
सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफ़ैसर
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला
137-श्यामनगर, धर्मशाला, जिला कांगड़ा

अनुपम प्रयास

श्री जनमेजय सिंह गुलेरिया व प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल द्वारा रचित ग्रन्थ लोकभाव स्वरांजली, गीतों के संकलन, स्वरांकन, भावानुवाद व विश्लेषण से जुड़ा एक अनुपम संग्रह है। कांगड़ा जनपद के जन्म लोक-गीतों के मोतियों को एकत्रित करके एक माला बनाने का प्रयास सराहनीय है। लोक· गीत तो सामान्यतः पुस्तकों में संकलित मिल जाते हैं। परन्तु उनका भावार्थ व स्वरलिपि भी मिल जाए, ऐसा प्रायः नहीं होता। जनमेजय को पिता से शैक्षणिक परिवेश मिला। पठन-पाठन की वृत्ति मिली जो इस पुस्तक की प्रेरक रही होगी। वह पिछले कई वर्षों से मेरे पास संगीत के विभिन्न आयामों की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वे साधुवाद के पात्र हैं। संगीत कला की साधना में लगे गुलेरिया ने विविध पुरस्कार प्राप्त किए व छात्रों का भी सही निर्देशन किया है। पुस्तक में कुल चौरासी लोकगीतों का समावेश किया गया है। इन गीतों पर अधिकांशतः पीलू, पहाड़ी, मालकौंस, भैरवी, भूपाली, बिहाग, देस, तिलक कामोद, झिंझोटी, मालगुंजी, वृन्दाबनी सारंग, मधमाद सारंग रागों का प्रभाव है। यही वे राग हैं जो लोक-गीतों को सहजता प्रदान करते हैं। शास्त्रीय स्वरूप में यही राग तदन्तर परिष्कृत हुए।

कवि व कथाकार प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल ने लोक साहित्य के क्षेत्र में भी कार्य किया है। यही कारण है कि उन्होंने गीतों का मार्मिक अनुवाद किया है। परोक्ष कथा शीर्षक के अन्तर्गत जन्म गीतों के विषय की समीक्षा की है तथा उनके भीतरी अर्थ-सत्य को सामने रखा है। भावार्थ जानने के कारण लोकगीत गायन में भावों की सहज उत्पत्ति, गायन को अत्यन्त मधुर बनाने में सहायक रही है। इन लोक गीतों का विश्लेषणात्मक वर्णन अत्यन्त सराहनीय है। उन्हें मेरी शुभकामनाएं। जनमेजय को शुभ आशीष। संगीतकार व साहित्यकार की रचनात्मकता में प्रभु सतत् वृद्धि करें।

डॉ. सौभाग्य वद्र्धन 'बृहस्पति'।
प्रोफ़ैसर
विभागाध्यक्ष, राजकीय कन्या महाविद्यालय,
सैक्टर – 42 चण्डीगढ़

सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण-एक अनोखा प्रयास

राष्ट्रीय कला व संस्कृति धरोहर न्यास की स्थापना सन् 1984 में हुई। स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की अध्यक्षता में निर्मित इस संस्था का उद्देश्य देश की सांस्कृतिक धरोहर के प्रति दायित्व भाव को समझते व समझाते हुए इसके संरक्षण के लिए अनुप्रेरित होना है। सन् 1984 से आज तक अपनी प्राकृतिक व सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध यह संस्था अत्यन्त प्रभावी है। इसका मूल लक्ष्य लोगों में भारत की विविध व बहुआयामी संस्कृति के प्रति भाव-बोध पैदा करना है। राष्ट्रीय धरोहर का संरक्षण, सांस्कृतिक संसाधनों का दस्तावेज निर्माण, धरोहर सम्बन्धी सिद्धान्त व नियमावली, सम्बद्ध व्यवसायों मे प्रतिभा विकास हेतु कार्यों के प्रति यह संस्था समर्पित है। उदारवादी बाज़ार के प्रसार व तथाकथित प्रभामंडल में सांस्कृतिक विविधता को बनाए रखने के लिए धरोहर संरक्षण व संवर्धन महत्वपूर्ण दायित्व है। यह धरोहर पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होते हुए लोक द्वारा प्रचारित-प्रसारित व पुनरजीवित होती है। .... कांगड़ा के जन्मगीतों के संकलन, स्वरांकन, भावानुवाद तथा समीक्षात्मक वर्णन से सम्बद्ध पुस्तक - लोकभाव स्वरांजली, संगीतज्ञ जनमेजय सिंह गुलेरिया तथा साहित्यकार प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल का सम्मिलित प्रयास है। जो लोक-साहित्य के पुनरपाठ से भविष्य को अतीत से जोड़ने की सफल चेष्टा है। यह पुस्तक लोक गीतों से सम्बन्धित शोध कार्य में लगे छात्रों के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। लोक संस्कृति के संरक्षण को समर्पित हमारी संस्था के लिए, 'लोकभाव स्वरांजली' पुस्तक का प्रकाशन एक उपलब्धि है।

- लक्ष्मी नारायण अग्रवाल
संयोजक कांगड़ा चैपटर (इटैक)
धर्मशाला, जिला कांगड़ा

जन्मगीत . . .

परोक्ष कथा (कथ्य विश्लेषण)

किसी स्थान विशेष की पहचान उन संस्कारों से होती है। जिनका निवर्हन वहां रहने वाले, स्वतास्फूर्त अन्तरप्रेरणा से करते हैं। इन संस्कारों का सर्वमान्य, समग्र व संग्रहीभूत रूप उस जन-पद की संस्कृति है। यह संस्कृति बाहरी विधि-विधान से संचित व प्रचारित नहीं होती। लोक मानस की सहज अभिव्यक्तियां इसका स्त्रोत हैं। जो गेय कवितावलियों में एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तान्तरित हो रही हैं। सतत चल रहा यह क्रम लोक चेतना को जीवंत बनाए रखता है। परन्तु आधुनिकता के भ्रामक मोह में हमारा मौलिक स्वरूप हमसे विलग रहा है। नया इस तरह और इतना चमत्कृत कर रहा है कि हम समझ ही नहीं पा रहे हैं कि हमसे हमारा क्या छूटता जा रहा है। अपने अतीत से जुदा होना, धुरी विहीन होते जाने का भयावह अभिशाप है। जिसे स्वेच्छा से ग्रहण करने की प्रक्रिया में हैं हम। वास्तव में किसी भी समाज का लोक साहित्य उस समाज की अस्मिता का केन्द्र बिन्दू है। पथ भी है और पथप्रदर्शक भी। क्योंकि लोक का सत्य यदि इसमें है तो उसके स्वप्न भी इसी में है।

जन्म से मृत्यु तक जीवन, संस्कारों में बद्ध है और इन संस्कारों का सैद्धान्तिक दस्तावेज़ है लोकगीत। परिवेश के प्रतिकूल व ओढ़ी हुई संस्कृति के प्रभाव का खतरा तब उतना नहीं होता जब अपने परिवेश का वास्तविक स्वरूप, मन-अन्तर के किसी कोने में ही सही, अपनी निश्चित व स्थायी जगह बनाए बैठा हो। परन्तु यह जगह भाषण व नारों से नहीं बनती। उग्र व हिंसात्मक प्रतिबन्धों से भी नहीं। आन्तरिक प्रेरणा से ही संभव है यह और प्रेरक है मिट्टी की बहुत अपनी सी, सौंधी-सौंधी गन्ध में रचा-रमा लोक साहित्य। जो आसमान की ओर बाहें फैलाए आदमी को ज़मीन देता है। अति आधुनिकता के मोह में नए की ओर भागती चेतना को ठहराव देता है। ..... यद्यपि इन दिनों लोक-साहित्य के प्रति रूझान कुछ ज़्यादा ही हो रहा है। परन्तु लोक-संस्कृति, लोक को जोड़ने का नहीं, तोड़ने का हथकण्डा बनाई जा रही है। आन्दोलनों व नारों में भुनाई जा रही है। अस्मिता के प्रश्न के अन्तर्गत, कभी सांस्कृतिक प्रदूषण के सन्दर्भ में तो कभी स्वधर्म के नाम पर। एक दृष्टि, लोक संस्कृति को एक

अजूबे की तरह देखते, बैठक में मृत्त सजावटी चीज़ की तरह संजोकर रखने की ही चीज़ समझती है। इसीलिए राजनीतिज्ञों, साहित्यकारों, सिनेमा जगत के गीतकारों व संगीतकारों की जरूरत तो यह बन रही है। परन्तु हमारे आचार-व्यवहार को नियन्त्रित नहीं कर पा रही। सारी चर्चाओं और झगड़ों के बावजूद इसका दर्जा पर्व-त्यौहारों पर झांकी-प्रदर्शन जितना ही है आज भी।

विडम्बना देखिए कि वर्तमान समय में लोक-साहित्य में से मणि-मुक्ता खंगालने का कार्य व्यक्ति स्तर पर ही नहीं, संस्था व राज-सत्ता के स्तर पर भी बहुत ज़्यादा हो रहा है। और आज के ही समय में हम व्यवहार के पैमाने पर इससे बहुत-बहुत दूर भी हो रहे हैं। कारण यह है कि लोक-साहित्य की सच्चाइयां सहज धर्म नहीं बन पा रहीं। क्योंकि कोशिशों के पीछे कहीं आकर्षण, कहीं मन बहलाव तो कहीं धूर्त स्वार्थ है। हमने अपने लोक साहित्य को अवकाश के क्षणों का पाहुन और अतीत के प्रति दायित्व भाव का उपक्रम मात्र बनाया है। इसमें वह नहीं ढूंढना चाहा जो जीवन को दिशा दे। अपनी ज़मीन पर खड़ा करके सम्बद्ध जाति-समुदाय का विधान बने। इसके प्रति प्रचलित दोनों ही दृष्टिकोण, अति भावुक होकर आग्रही होना या पूर्णतया उदासीन हो रहना, सही नहीं हैं। ज़रूरत है लोक-साहित्य का वैचारित विश्लेषण, आधुनिक सन्दर्भों में, आज के प्रश्नों को समक्ष रख कर किया जाए और उसके अन्तर्सत्य में निहित मानव मूल्यों को पहचाना जाए।

जन्मगीत, शिशु जन्म व जन्मदिवस के आयोजन के अवसर पर आनन्दतिरेक का प्रकटीकरण हैं। यह आनन्द बोध स्वयं में विविध आयाम लिए हुए हैं। अत्यन्त महत्वपूर्ण तथ्य ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करना है। जो मिट्टी से, कुलदेवी की प्रतिमा बना कर उसकी प्रतिष्ठा व पूजा अर्चना में प्रकट होता है। इसे भ्याई देवी, कह कर सम्बोधित करते हुए घर-परिवार तथा आस-पड़ोस की स्त्रियां फूल, अक्षत, धूप, दीप व नैवेद्य से की जाने वाली आराधना पद्धति को सुर-ताल में गाती हैं। विभोर होकर गातीं हुईं ये लोक नारियां सहज ही सन्यासियों के अध्यात्म को छू लेती हैं। वे इस समय नवजात शिशु के स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना के साथ ही अपने-अपने आत्मजों के लिए भी प्रार्थनारत होती हैं। ..... इन गीतों में हृदय की उदारता का कोई ओर छोर नहीं रह जाता। परिवार की परिधि में शिशु के मां-पिता व दादा-दादी के

अतिरिक्त पिता के भाई बहन तथा मां के भाई-बहन सब सिमट आते हैं। खुशियां सांझा करने की चेष्टा में उदार चित्त लोक-मानस अत्यन्त भव्य दिखाई पड़ता है। घर में सास या जेठानी से कोई मान मनोबल चल भी रहा है पर शिशु की मां परस्पर स्नेह सम्बन्धों के प्रति आश्वस्त है कि वे पुत्र जन्म की शुभ सूचना सुनते ही दौड़ी चली आएंगी।

शिशु जन्म पर वह चाहती है कि उसके मायके की भी उपस्थिति हो। कभी पति से उन्हें बुला लेने का आग्रह तो कभी कागा द्वारा सन्देश देने का प्रयास करती है। ससुराल व मायके का तुलनात्मक मूल्यांकन भी कुछ गीतों में है। जन्मगीत, शिशु जन्म के पूर्व से आरम्भ हो जाते हैं। इनमें मां बनने जा रही युवती के कायिक व मानसिक भावों-अनुभवों का सजीव चित्रण है। ये गीत बहुत महत्वपूर्ण तथ्य रेखांकित करते हैं। इस समय युवती स्वयं को बहुत विशेष अनुभव करती है। इससे पूर्व वह कभी भी परिवार के केन्द्र में नहीं रही। परन्तु आज सारा घर उसी की रीझों को पूरा करने में लगा है। ऐसे में वह कभी इस तो कभी उस वस्तु के लिए शिशु सुलभ हठ करती है। मां बनना कितना बड़ा गौरव है यह सत्य, गीत स्पष्ट कर देते हैं। इन्हीं को सुनते और गाते हुए स्त्री स्वयं को एक बनी बनाई राह पर डाल देती है। विशेष बात इन जन्म गीतों की यह है कि इनमें पुत्र की मां बनने की ही कामना की गई है। इसलिए सम्मान मिलेगा क्योंकि वह वंश वृद्धि का माध्यम बनेगी। एक स्त्री ही मां बनेगी, इस तथ्य को नकार कर, शिशु रूप में केवल और केवल पुत्र की इच्छा, यद्यपि स्त्री कर रही है, परन्तु वास्तव में यह पुरूष वर्चस्व का परोक्ष रेखांकन है। नारी को अपने मनोनीत सांचे में ढाल देने की सिद्धहस्त कला है। ...... अधिकांश गीतों में विभिन्न पेड़-पौधों का वर्णन है। पर्यावरण यहां चिन्ता या चिन्तन नहीं है बल्कि जीवन का अभिन्न अंग है। जीवन का स्वभाव है। हरियाए पेड़-पौधे, हरी दूब, पानी से भरे कलश, कुंआ, पनघट व चान्दनी, गीतों की शब्दावली में ही नहीं निहितार्थ में भी उपस्थित है ..... सन्त कवियों का प्रभाव लोक मानस को अभिभूत करता रहा है। तुलसीदास तथा सूरदास का वात्सल्य रस केन्द्र में है। विशेषतया सूरदास के पद्यांश प्रतिध्वनित हैं इन गीतों में। शिशु की कल्पना कृष्ण के रूप में की गई है। उन्हीं की तरह सुन्दर सलोना व नटखट रूप हर मां अपने बच्चे पर रूपायित करती है। वात्सल्य रस के पर्यायी सूरदास, कांगड़ा जनपदीय

जन्मगीतों के उपजीव्य हैं। कृष्ण जन्म की कथा अपनी-अपनी भाषा तथा मुहावरे में कहने का सफल प्रयास हुआ है। ..... बधाई गीतों में दान-दक्षिणा का वर्णन है। जो अपेक्षाकृत अभावग्रस्त लोगों की सहायता करने की प्रथा का प्रचार-प्रसार है। .... हास-परिहास के अन्तर्गत ननद व भाभी के बीच सटीक व मनोरंजक संवाद हैं। भाई के घर पुत्र जन्म की खुशी में ननद सोने के कंगन या शीश फूल (फुलझड़ियां) मांगती है, भेंट स्वरूप। भाभी नहीं देना चाहती क्योंकि ये उपहार उसे बाबुल से मिले हैं। ननद रूठ जाती है। पर अन्ततः नवजात शिशु की मां कंगन व फुलझड़ियां दे देती है। बेटी सदैव मायके पर अपना अधिकार मानती है पर इसमें एक दूसरे घर की बेटी अनावश्यक दवाब सहने को विवश होती है। परन्तु अपनी ससुराल में स्त्री को सहनशील व विनम्र ही रहना है। भले ही वह कुलदीपक की गौरवमयी मां है।

रिश्तों के सन्दर्भ में ही नहीं स्थान के सन्दर्भ में भी इन गीतों का फ़लक दूर तक फैला है। बच्चे का पालना दादा रावल पिण्डी से लाते हैं तो मां के कहने पर बेटे के लिए झुनझुना पिता लाहौर से मंगवाते हैं। वर्तमान समय में ये शहर दूर हैं। मीलों की ही नहीं, भावनाओं की भी दूरियां हैं। पर गीतों में बहुत निकट के हाट-बाजार हैं जैसे। ..... कथ्य व धुनों में साम्य है। परन्तु भाषा की दृष्टि से पचास-पच्चपन मील की दूरी पर अन्तर आ जाता है। कांगड़ा पंजाब का हिस्सा रहा है। इसलिए पंजाबी का असर भी दिखाई देता है। विशेष रूप से देहरा, चिन्तपुरनी, ऊना के जन्मगीत ज्यादा प्रभावित हुए हैं। बैजनाथ, पालमपुर व धर्मशाला के बोलों में पहाड़ों की रूनझुन व धैर्य दोनों हैं।

ये जन्मगीत कांगड़ा जनपद की सतत संचित धरोहर है। आवश्यकता है आज की भाषा व मुहावरों में इनकी प्रसंगिकता व महत्त्व को आधुनिक पीढ़ी के समक्ष रखना। ताकि उनका सहज रूझान इसकी ओर हो। हमारी सांस्कृतिक धरोहर भी बचे और आने वाली पीढ़ी ज्ञान व भाव सम्पन्न भी हो सके।

- चन्द्ररेखा ढडवाल

जन्मगीतों का संगीतात्मक पक्ष

परिवर्तन प्रकृति का सहज धर्म है। केवल बाहरी स्तर पर ही नहीं, हृदय के स्तर पर भी बदलाव आते हैं। परन्तु कभी-कभी बदलाव की हवा अति तेज़ होकर, जीवन के लिए बहुत ज़रूरी चीज़ों को भी, उड़ा ले जाती है। दादी व नानी के मुख से सुनी सरल तथा मधुर लोक-धुनें तथाकथित आधुनिक व ऊंचे संगीत में गुम होती जा रही हैं। यद्यपि इन धुनों में ऐसी सरसता व ठहराव है। जिससे मन को शान्ति मिलती है। आज की भागती हुई पीढ़ी को किसी दिन यह भूला-बिसरा संगीत याद आएगा ही। इसी उम्मीद में इन धुनों को संजोने का प्रयास किया है। इस सम्बन्ध में पहली कोशिश जन्मगीतों को लेकर की गई है। कांगड़ा जनपद के जन्मगीत यथासंभव मौलिक स्वरूप में संकलित हैं। इनका हिन्दी अनुवाद, विशलेषणात्मक अध्ययन तथा स्वरांकन इस पुस्तक में है। ताकि कभी भी इन्हें इनके उसी मौलिक स्वरूप में गाया व समझा जा सके। स्थान-स्थान से जन्मगीत एकत्रित किए गए हैं। प्रसवपूर्व गाए जाने वाले गीत, जिनमें गर्भावस्था के हाव-भाव अभिव्यक्त होते हैं, सूहड़ियां कहलाते हैं। जन्म के अवसर पर गाए जाने वाले गीत अर्थात सोहर, कुलदेवी की मूर्ति बना कर पूजा प्रतिष्ठा सम्बन्धी ध्याई गीत और नवजात के परिजनों को बधाई सम्प्रेषित करते बधावे इसमें संकलित हैं ..... ये गीत सामान्यता ऐसी महिलाओं द्वारा गाए जाते हैं, जिन्होंने विधिवत, संगीत की शिक्षा प्राप्त नहीं की होती। परन्तु धुनें अत्यंत मधुर व कर्णप्रिय हैं। अधिकांश गीतों में तो राग-रागनियां सहज ही ध्वन्ति हुई हैं।

अधिकतर चार अथवा पाँच स्वरों वाले अद्‌र्धसप्तकीय गीत प्राप्त हुए हैं। ऐसे में गीतों का सप्तक, थाट, राग, जाति, वर्जित, स्वर, आरोह, अवरोह, पकड़ आदि स्पष्ट करना थोड़ा कठिन रहा है। कई जन्मगीतों का स्वरांकन इतना मिश्रित तथा कलिष्ठ है कि कोई एक राग या थाट का प्रभाव नहीं कहा जा सकता। लोकसंगीत भावना प्रधान होता है। यह संगीत शास्त्रीय संगीत के नियमों

से दूर आकाश में उड़ते पक्षी की उस चहचहाट के समान है। जिसमें लय व माधुर्य तो है पर कोई बन्धन नहीं। परन्तु शास्त्रीय संगीत के नियमों के आधार पर विश्लेषणात्मक अध्ययन किए बिना इन लोकगीतों का संगीतात्मक पक्ष दिखाना सम्भव भी नहीं है। क्योंकि पृष्ठभूमि में अपनी अनगढ़ता में ही सही, शास्त्रीय संगीत लोक संगीत में विद्यमान है। यह कहना भी संगत है कि शास्त्रीय संगीत का मूल आधार लोकसंगीत ही होता है। इसलिए संगीतात्मक विश्लेषण के मुख्य तत्वों के आधार पर इन लोक (जन्म) गीतों का स्वरांकन किया गया है। क्योंकि गीतों का तब तक कोई अर्थ नहीं रह जाता जब तक कि इनकी ध्वनियों को स्वरलिपियों में न बांधा जाए अथवा इनकी धुने तैयार न की जाएं। तभी तो इस संगीतात्मक परम्परा का प्रचार-प्रसार सम्भव है।

इन जन्मगीतों में अधिकतर काफ़ी, पीलू, पहाड़ी, मालकौंस, भैरवी, भूपाली, विहाग, देस, देशकार, तिलक कामोद, झिंझोटी, मालगुंजी, वृन्दावनी, सारंग व मधमाद सारंग आदि रागों के समान स्वर मिले हैं। कई गीतों के संगीत पक्ष को उभारने में लोकनारियां शास्त्रीय संगीत के सुर व ताल से अनभिज्ञ होते हुए भी स्वाभाकि व अनायास ही कण, मीण्ड व अलंकरणों का प्रयोग कर लेती हैं। संगीत तत्व की दृष्टि सें जन्मगीतों का संगीत वैदिक प्रणाली का है। इनका स्वरूप अनुष्ठानिक होने के कारण स्वरों में स्थाई अधिक है। इन गीतों के स्वर तथा लय मुख्य तत्व हैं। यही छन्द के मुख्य आधार हैं। परन्तु स्वरूप में मौखिक होने के कारण इनके शब्द, स्वर तथा लय पीढ़ी दर पीढ़ी परिवर्तित होते रहते हैं।

जन्मगीतों को काँगड़ा की स्थानीय भाषा में काले़ महीने, सूहड़ियां, सोहर, हस्सणू-खेलणू, रूणझुणे, बधाइयां व भ्याइयां आदि की संज्ञा दी गई है। सूहड़ियों का संगीत भाव-प्रधान है। क्योंकि इनका मुख्य तत्व नारी मन की सुखद कल्पना है। भावुकता के आधिक्य से ये गीत भावावेश में आकर गाये जाते हैं। सोहर गीतों का संगीत अधिक मुखर होता है। आह्लाद की भावना से ओत-प्रोत ये गीत दैवी आनन्द का सृजन करते हैं। काले़ महीने व भ्याई गीतों का संगीत भक्तिभाव व अध्यात्मिकता से परिपूर्ण है। ये गीत शान्त रस से

ओतप्रोत हैं। एक तरफ शिशु की तुलना कृष्ण से की जाती है तो भ्याई गीतों में कुलदेवी को प्रतिष्ठित किया जाता है। बधाई गीतों में आनन्द के साथ-साथ थोड़ी छेड़-छाड़ भी की जाती है। इन गीतों का स्वर-स्वरूप कहीं-कहीं करूण रस से ओत-प्रोत हो जाता है। ज्यादातर गीतों में उल्लास, हर्ष, करूणा आदि की प्रधानता है। करूण गीतों में स्वर-विस्तार अधिक है। इन में मन्द्र सप्तक के स्वर अधिक प्रयुक्त हुए हैं।

लगभग सभी जन्मगीत, दीपचन्दी (स्थानीय भाषा में चांचर के नाम से जाना जाता है) व कहरवा की आठ मात्रा में लयबद्ध हैं। चौदह मात्राओं में रचित गीतों को अनिबद्ध रूप से गाने का प्रचलन है। जिससे स्थानीय भाषा में 'लम्बी भाख' अथवा लम्बे स्वरों वाले गीत कहते हैं। कई गीतों में एक समान स्वर, थाट, राग तथा जाति होने पर भी स्वर विशेष पर ठहराव, न्यास के स्वर, स्वर संगीत, कण, खटका, मीण्ड, मुर्की आदि अलंकरणों के कारण एक दूसरे से अलग मधुरता विद्यमान है। ये स्वर रचनाएं, राग, रस के सिद्धान्त के आधार पर रचित ना होने पर भी गीत के भाव, अवसर तथा समय की दृष्टि से पूर्णतया सटीक नज़र आते हैं।

नई सभ्यता तथा अंग्रेजी शिक्षा के प्रभाव से इन गीतों को गाने वालों का अभाव होता जा रहा है। यदि ये गीत विस्मृत हो गये और इनकी पारंपरिक व ऐतिहासिक उपयोगिता को न पहचाना गया तो निश्चित ही हम इस अमूल्य धरोहर को खो बैठेंगे। अतः समय पर इन गीतों को संकलित, सम्पादित तथा प्रकाशित करके लोकमानस के प्रति श्रद्धा भाव जगाकर इस परम्परा को बनाए रखना अति आवश्यक है। इन लोक (जन्म) गीतों को संग्रहित किया गया है। इस उद्देश्य ये इनकी साहित्यिक पक्ष की विवेचना हुई भी है। परन्तु इनके स्वरांकन का पर्याप्त प्रयास नहीं हो सका है। बहुत ज़रूरी है कि लोक-संस्कृति को समर्पित संस्थाएं इस ओर ध्यान दें। जिला व राज्य स्तरीय आयोजनों में विशेष रूप से इन गीतों को केन्द्र में रखते हुए युवाओं में प्रतियोगिताएं करवाई जाएं ताकि हमारी धरोहर संरक्षित व संवर्धित हो सके।

लगभग 12 वर्षों तक गणित के अध्यापन से सम्बद्ध रहने के बाद मुझे संगीत जैसे सहृदयी विषय से जुड़ने का सौभाग्य मिला। लोकसंगीत जैसी समृद्ध कला के संरक्षण एवं संवर्धन में मेरा यदि थोड़ा भी योगदान हुआ तो मैं अपने प्रयास को सार्थक मानूँगा।

अन्त में मैं स्वर्गीय माँ श्रीमती शकुन्तला गुलेरिया जी की स्मृतियों को नमन करता हूँ। पिता, श्री देस राज गुलेरिया जी के शुभाशीष एवं प्रोत्साहन के लिए सदैव ऋणी रहूँगा। पत्नी निशा गुलेरिया का सहयोग मेरा आत्मिक सम्बल है। मैं विशेष रूप से आभार प्रकट करना चाहूँगा प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल व प्रो. प्रकाश ढडवाल से मिले स्नेह सहयोग व मार्ग दर्शन के लिए। इस पुस्तक लेखन के दौरान इन दोनों से मेरा अद्भुत आत्मीय संबंध बना जिसे मैं अपनी उपलब्धि मानता हूं।

–जनमेजय सिंह गुलेरिया

बसंत पंचमी
24 जनवरी, 2015

1. किद्दर देसे ते आई भ्याई राणी

किद्दर देसे ते आई भ्याई राणी, किद्दर देसे जो जाणा
अज भ्याई राणी स्हाड़ैं जे आई ....
दख्खण देसे ते आई भ्याई राणी, पच्छम देसे जो जाणा
अज भ्याई राणी स्हाड़ैं जे आई ....
किन्ही भ्याई राणी सद्दी बुलाई, किन्ही घड़ी मन चित्त लाई
अज भ्याई राणी स्हाड़ैं जे आई ....
रामैं भ्याई राणी सद्दी बुलाई, सीता घड़ी मन चित्त लाई
अज भ्याई राणी स्हाड़ैं जे आई ....
किन्ही भ्याई राणी सद्दी बुलाई, किन्ही घड़ी मन चित्त लाई
बावैं भ्याई राणी सद्दी बुलाई, माइया घड़ी मन चित्त लाई
अज भ्याई राणी स्हाड़ैं जे आई ....

भावार्थ : शिशु जन्म के अवसर पर यह गीत कांगड़ा जनपद के लगभग हर क्षेत्र में गाया जाता है। वरदायिनी देवी की मिट्टी की मूरत घड़ी जाती है। जिसे भ्याई रानी कहा जाता है। यह कुल देवी की प्रतीक है। गीत प्रारम्भ होता है कि भ्याई रानी कौन से देश से आई है तथा कहां जाएगी। प्रश्न व उत्तर से क्रमशः गीत उत्तरोत्तर बढ़ता जाता है। भ्याई रानी दक्षिण देश से आई है और पश्चिम देश की ओर जाएगी। आज भ्याई रानी हमारे घर आई है। फिर प्रश्न कि किसने भ्याई रानी को आमंत्रित किया है और किसने मन-चित्त लगा कर इसे घड़ा है। उत्तर यह कि रामचन्द्र ने आमंत्रण दिया और सीता ने मनोयोग से इसे घड़ा। इसके बाद शिशु के परिजनों के नाम से गीत आगे बढ़ता है। दादा ने बुलाया और दादी ने मूर्त घड़ी। पिता ने बुलाया और मां ने मिट्टी से भ्याई रानी को रूपाकार दिया। इसी तरह अन्य सम्बन्धियों को शुभ अवसर पर सम्मान स्नेह दिया जाता है। उन्हें इस अनुष्ठान में सम्मिलित करके बच्चे की दीर्घायु तथा सुख-स्वास्थ्य के लिए भ्याई देवी की श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना की जाती है।

स्वर लिपी :-

			2				0			3			
प़	–	–	ध़	प	ध़	सा	सा	–	–	सा	–	ध़	–
कि	–	–	द्	द	र	ऽ	दे	ऽ	ऽ	से	ऽ	ते	ऽ
सा	–	रे	ग	सा	सा	–	$^{\text{ग}}$रे	–	सा	सा	–	–	–
आ	ऽ	ऽ	ई	ऽ	[illegible]	ऽ	या	ऽ	ई	रा	ऽ	णी	ऽ
ग	–	–	ग	–	$^{\text{प}}$म	–	ग	–	रे	रे	सा	सा	–
कि	ऽ	ऽ	द्	द	र	ऽ	दे	ऽ	ऽ	से	ऽ	जो	ऽ
रे	–	–	सा	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
जा	ऽ	ऽ	णा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
प़	–	–	ध़	सा	–	–	ध़	–	–	$^{\text{प}}$म़	–	–	–
अ	ऽ	ऽ	ज	ऽ	[illegible]	ऽ	या	ऽ	ई	रा	ऽ	णी	ऽ
प़–	–	–	ध़	सा	–	–	$^{\text{ग}}$रे	–	सा	सा	–	–	–
स्हा	ऽ	ऽ	ड़ैं	ऽ	जे	ऽ	आ	ऽ	ऽ	ई	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में केवल स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

2. अज भ्याई राणी स्हाड़ैं जे आई

अज भ्याई राणी स्हाड़ैं जे आई
करी लैंणी भ्याइयां दी पूजा
अज भ्याई राणी स्हाड़ैं जे आई
देसां तां देसां ते परोहत सदान्दी
करी लैणी भ्याइयां दी पूजा
अज भ्याई राणी स्हाड़ैं जे आई
देसां तां देसां ते फुल मंगान्दी
करी लैणी भ्याइयां दी पूजा
अज भ्याई राणी स्हाड़ैं जे आई
देसां तां देसां ते धूप मंगान्दी
करी लैणी भ्याइयां दी पूजा
अज भ्याई राणी स्हाड़ैं जे आई
देसां तां देसां ते द्रूब मंगान्दी
करी लैणी भ्याइयां दी पूजा
अज भ्याई राणी स्हाड़ैं जे आई

भावार्थ : इस गीत में कुलदेवी की प्रतीक रूप, माटी से घड़ी गई भ्याई मां की विधि विधान से पूजा-अर्चना का वर्णन है। नवजात की मां प्रसन्नतापूर्वक कहती है कि आज हमारे घर मां पधारी हैं। हम उनकी पूजा करेंगे ताकि उनका आशीर्वाद हमारे घर परिवार पर रहे। विशेष रूप से मेरे पुत्र को उनका वरदान प्राप्त हो। दूर-दूर से मैं पुरोहित बुलाती हूँ, विधिवत देवी की पूजा के लिए। मैं दूर-दूर के देशों से फूल मंगाती हूं, देवी की वन्दना के लिए। इसी क्रम में धूप तथा दूब्र मंगवाने की बात कही गई है। भ्याई मां के प्रति श्रद्धा का भाव प्रकट हुआ है।

स्वर लिपी :-

			2				0			3			
प़	–	–	ध़	सा	सा	ध़	ध़	–	म़	म़	–	म़	–
अ	ऽ	ऽ	ज	ऽ	ꣻ	या	ई	ऽ	ऽ	रा	ऽ	णी	ऽ
प़-	–	–	ध़	सा	सा	–	(ग)रे	–	सा	सा	–	–	–
स्हा	ऽ	ऽ	ड़ैं	ऽ	जे	ऽ	आ	ऽ	ऽ	ई	ऽ	ऽ	ऽ
ग	–	–	ग	–	(प)म	–	ग	–	रे	रे	सा	सा	–
क	री	ऽ	लै	ऽ	णी	ऽ	ꣻ	या	इ	यां	ऽ	दी	ऽ
रे	–	–	सा	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
घू	ऽ	ऽ	जा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
प़	–	–	ध़	सा	–	–	ध़	–	–	(प)म़	–	–	–
अ	ऽ	ऽ	ज	ऽ	ꣻ	ऽ	या	ऽ	ई	रा	ऽ	णी	ऽ
प़-	–	–	ध़	सा	–	–	(ग)रे	–	सा	सा	–	–	–
स्हा	ऽ	ऽ	ड़ैं	ऽ	जे	ऽ	आ	ऽ	ऽ	ई	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में केवल स्थाई ही स्वरबद्ध है। गीत की अन्य पंक्तियां इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

3. चरखा बड़ा घूमेदार

चरखा बड़ा घूमेदार नीं ओ सइयो, चरखा बड़ा घूमेदार ।
चरखा कतां कि मैं बालके खलावां, चरखा बड़ा घूमेदार।
काले़ महीने दियां न्हेरियां रातीं, जन्मेया कृष्ण मुरार नीं ओ सइयो,
जन्मेया कृष्ण मुरार, चरखा कतां कि मैं बालके खलावां, चरखा बड़ा घूमेदार।

जां जम्मेया तां दीपक बले़आ, चौंई पासैं होएआ उजास नी ओ सइयो,
चरखा कतां कि मैं बालके खलावां, चरखा बड़ा घूमेदार।
टुटी गे न जन्दरे खुली गेइयां कारां, प्रगटेआ विष्णु औतार नी ओ सइयो,
प्रगटेआ विष्णु औतार, चरखा कतां कि मैं बालके खलावां, चरखा बड़ा घूमेदार।

अग्गे अग्गे बसूदेव पिच्छे पिच्छे जमना, नदिया च आएआ उफ़ाण नी ओ सइयो,
नदिया च आएआ उफ़ाण, चरखा कतां कि मैं बालके खलावां, चरखा बड़ा घूमेदार।
बाल्लैं कन्हाइऐं पैर डुबाया, लहरां तां होइआं न शान्त नी ओ सइयो,
लहरां ता होइआं न शान्त, चरखा कतां कि मैं बालके खलावां, चरखा बड़ा घूमेदार।

बृज दिआं नारा गाया बदौआ, जसुदा दिया गोदिया लाल नी ओ सइयो,
जसुदा दिया गोदिया लाल, चरखा कतां कि मैं बालके खलावां, चरखा बड़ा घूमेदार।
पन्न पतासा मैं गुड़ सक्कर दिन्नी ऑं, शगणा दी हरी हरी दाख नी ओ सइयो,
शगणा दी हरी हरी दाख, चरखा कतां कि मैं बालके खलावां, चरखा बड़ा घूमेदार।

भावार्थ : जन्म गीतों में इस गीत का विशेष महत्त्व है। मूल गीत के कुछ अन्तरे विभिन्न मुखड़ों के अन्तर्गत गाए जाते हैं। नवजात शिशु को कृष्ण-रूप में देखने की परम्परा के पीछे कृष्ण की बाल लीलाओं का विशेष योगदान है। इस गीत में देवकी के पुत्र जन्म से लेकर नन्द-यशोदा के घर पहुंच जाने तक का वर्णन है। यह कथात्मक गीत है अतः अत्यन्त लोकप्रिय व प्रचलित है। नवजात शिशु की मां कहती है कि मैं चरखा कातूं या बच्चे को सम्भालू, चरखे के प्रति भी लगाव है क्योंकि वह बहुत तीव्र गति से घूमता है। काले महीने की अंधेरी रात में कृष्ण ने जन्म लिया। उनके जन्म लेते ही मानों दीपक प्रज्ज्वलित हो उठा। चारों ओर उजास फैल गया। कंस की कारावास के ताले टूट गए और द्वार खुल गए। विष्णु ने अवतार लिया। वासुदेव कृष्ण को लेकर जमुना पार नन्द के गांव

स्वर लिपी :-

ग			२				०			३			
सा	रे	सा	नि़	सा	नी़	–	सा	–	–	रे	सा	रे	प
च	र	ऽ	खा	ऽ	ब	ऽ	ड़ा	ऽ	ऽ	घू	ऽ	मे	ऽ
म	–	–	–	–	–	प	म	–	ग	रे	–	सा	–
दा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र	नीं	ऽ	ओ	स	इ	यो	ऽ
सा	रे	सा	नि़	सा	नी़	–	सा	–	–	रे	सा	रे	प
च	र	ऽ	खा	ऽ	ब	ऽ	ड़ा	ऽ	ऽ	घू	ऽ	मे	ऽ
म	–	–	–	–	–	–	म	–	–	–	–	–	–
दा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
सा	–	–	रे	सा	रे	म	म	–	–	म	–	रे	–
च	र	ऽ	खा	ऽ	क	ऽ	तां	ऽ	ऽ	कि	ऽ	मैं	ऽ
म	प	–	प	ध	ध	म	प	–	–	म	–	–	–
बा	ऽ	ल़	के	ऽ	ख	ऽ	ला	ऽ	ऽ	वां	ऽ	ऽ	ऽ
सा	रे	सा	नि़	सा	नी़	–	सा	–	–	रे	सा	रे	प
च	र	ऽ	खा	ऽ	ब	ऽ	ड़ा	ऽ	ऽ	घू	ऽ	मे	ऽ
म	–	–	–	–	–	–	म	–	–	–	–	–	–
दा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

गीत के अन्य बोल भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाए जाएंगे।

की ओर चले तो नदी में तूफान आ गया। वास्तव में लहरें श्री कृष्ण के चरण स्पर्श करना चाहती थीं। कान्हा ने पांव पानी में डुबोया तो जमुना शान्त हो गई। बृज की नारियों ने नन्द के घर बधाई गीत गाए। मां यशोदा की गोदी में कन्हाई पहुंच गए। जननी कहती है कि प्रसन्नता वश मैं बताशा तोड़ कर बांटती हूं। साथ ही गुड़ शक्कर भी दे रही हूं। शगुन के तौर पर हरी-हरी दाख (किशमिश) भी सब में बांट रही हूं।

4. हरेयां बागां दी मैं

हरेयां बागां दी मैं दुवां मंगानीआं,
दादा जी दी पगड़ी सजायो मेरे राम।

बन्न पगड़िया दादा चुखण्डिया जो जांदे,
धन-धन करदी सुहाई मेरे राम।
हरेयां बागां दी मैं दुवां मंगानीआं।

बन्न पगड़िया ताया मण्डिया जो जान्दे।
छैल्-छैल् करदी सुहाई मेरे राम,
हरेयां बागां दी मैं दुवां मंगानीआं।

बन्न पगड़िया चाचा मदरसे जो जान्दे,
शुभ-शुभ करदी सुहाई मेरे राम।
हरेयां बागां दी मैं दुवां मंगानीआं।

बन्न पगड़िया मामा मेले जो जान्दे।
लस-लस करदी सुहाई मेरे राम,
हरेयां बागां दी मैं दुवां मंगानीआं।

भावार्थ : यह एक बधाई गीत है। पुत्र जन्म पर सगे-सम्बन्धियों को हरी दूब भेंट करके बल्कि पगड़ी में सजा कर बधाई दी जाती है। इस गीत में इसी का वर्णन है कि मैं हरे बागों की दूब मंगा कर उसे शिशु के दादा जी की पगड़ी में सजाती हूँ। इस पगड़ी को पहन कर वह चौखन्डी (घर से अलग एक ऐसा खुला स्थान जिसमें घर के मर्द बैठते हैं तथा पुरूष अतिथि भी वहीं पर ठहराए जाते हैं) जाते हैं। हरी दूब उन्हें इतना सुशोभित करती है कि देखने वाले धन्य-धन्य कह उठते हैं। ताया जी दूब सजी पगड़ी पहन कर मण्डी जाते हैं। चाचा मदरसे और मामा दूब जड़ित पगड़ी पहन कर मेले में जाते हैं। सभी को पगड़ी अत्यन्त सुन्दर लगती है, और देखने वाले भी मोहित हो रहे हैं। ..... हरी दूब शुभ व शगुन का प्रतीक है। इसे भेंट करने का अभिप्राय बधाई स्वरूप कुछ भेंट प्राप्त करना भी होता है।

स्वर लिपी :-

		0				0	
सारे	गरे	रे-	रेसा	सा	–	सारे	रेध़
हऽ	रेऽ	यांऽ	बाऽ	गां	ऽ	दीऽ	मैंऽ
ध़-	सा	ध़	प़	ध़	सा	रे	सा
द्बुऽ	ऽ	वां	मं	गा	ऽ	नी	आं
सारे	गरे	रे	रेसा	ध़	ध़	ध़सा	सासा
दाऽ	दाऽ	जी	दीऽ	प	ग	ड़ीऽ	सऽ
सारे	गरे	रे	रेसा	सा	–	–	–
जाऽ	योऽ	मे	ऽरे	रा	ऽ	ऽ	म

गीत के अन्य बोल भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाए जाएंगे।

5. डुग्घी-डुग्घी बासी

डुग्घी-डुग्घी बासी, लगदी उदासी डोला, उच्चेयाँ बँगला पुआई दे।
बँगला पुआई दे, मोरियाँ रखाई दे डोला, विच-विच सीसे जड़ाई दे।
पैड़ियां चड़दियां गेया लसकारा डोला, मेरिया सस्सू सदाई दे।

सस्स तेरी माता मेरी गोरिये, सैह् भी पीह्ड़े जो अड़ी है।
सद तरखाणे बड्ड चनण डोला, ऊजो पीह्ड़ा बनवाई दे।
अड़ियां पूरियां कराई दे, मेरिया सस्सू सदाई दे।
पैड़ियां चड़दियां गेआ लसकारा डोला, मेरिया जठाणियां सदाई दे।

जठाणी तेरी भाबो मेरी गोरिए, ओ भी अद्धे जो अड़ी है।
सद पटवारी, सद्ट जरेबां ड़ोला अद्दो-अद्द बंडाई दे,
अड़िया पूरियां कराई दे, मेरिया जठाणियां सदाई दे।

पैड़ियां चड़दियां गेआ लश्कारा ड़ोला, मेरिया नणदा सदाई दे।
नणद तेरी भैण मेरी गोरिए, सैह् भी कंगणे जो अड़ी है।
सद सन्यारे जन्मेया बेटा ड़ोला, उन्हूँ कंगण कढ़ाई दे,
अड़िया पूरियां कराई दे, मेरिया नणदा सदाई दे।

भावार्थ :- प्रस्तुत गीत गर्भवती युवती के मान-अभिमान से आरम्भ होता है। उसे लगता है, नीची जगह बने घर में रहते हुए मन उदास होता है। वह चाहती है कि उसके लिए ऊँचाई पर एक बंगला बनवा दिया जाए व उसमें ऊँची-ऊँची खिड़कियां तथा उन खिड़कियों में शीशे लगे हों। जब बंगला बनकर तैयार हो जाता है और जब वह चढ़ने लगती है तो उसकी तबीयत अचानक खराब हो जाती है। दर्द की एक लहर सी डोल जाती है। तो वह अपने पति से कहती है

स्वर लिपी :-

			2				0			3			
										सा	सा	सा	सा
										ड़ु	ग्घी	ड़ु	ग्घी
ऩी	–	–	प़	–	–	–	–	–	–	सा	सा	सा	सा
बा	ऽ	ऽ	सी	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ल	ग	दी	उ
सा	ऩी	सा	रे	सा	सा	म	रे	–	–	रे	सा–	सा	सा
दा	ऽ	ऽ	सी	ऽ	डो	ऽ	ला	ऽ	ऽ	उ	च्चे	याँ	ऽ
ऩी	ऩी	ऩी	ऩी	सा	सा	रे	म	रे	सा	सा	–	–	–
बँ	ग	ऽ	ला	ऽ	पु	ऽ	आ	ई	ऽ	दे	ऽ	ऽ	ऽ

गीत के अन्य बोल भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाए जाएंगे।

कि मेरी सास को बुलवा दो। पति कहता है कि तुम्हारी सास मेरी माता है वह चौकी–पीहड़ा के लिए अड़ी है तो पत्नी कहती है कि तरखान को बुलाकर उसके लिए चौकी बनवा दो और उसकी जिद्द पूरी कर दो। जेठानी आधी जायदाद चाहती है, युवती पटवारी बुला कर बंटवारा कर देने को कहती है। ननद को बुलाने पर पति कहता है कि वह कंगण मांगती है तो सुन्यारा (स्वर्णकार) बुलाकर कंगण देने का अनुरोध करती है अर्थात मां बनने को आतुर व उत्साहित युवती कुछ भी और कैसा भी उपहार दे देने को तत्पर है। यहां यह भी स्पष्ट हुआ है कि दुख व कष्ट आप अकेले नहीं काट सकते।

6. हरे-हरे लेण लपायो

हरे-हरे लेण लपायो, भ्याइयां दी पूजा करो
गौरजां दे पुत्तर गणेश बली राजा भगती करो
लालड़ा बसन चढ़ायो, भ्याइयां दी पूजा करो
गौरजां दे पुत्तर गणेश बली राजा भगती करो
हरे-हरे लेण लपायो, भ्याइयां दी पूजा करो...।
गंगा जल चढ़ायो, भ्याइयां दी पूजा करो
गौरजां दे पुत्तर गणेश बली राजा भगती करो
हरे-हरे लेण लपायो, भ्याइयां दी पूजा करो
हरी-हरी द्रुब चढ़ायो, भ्याइयां दी पूजा करो
गौरजां दे पुत्तर गणेश बली राजा भगती करो
हरे-हरे लेण लपायो, भ्याइयां दी पूजा करो...।
फुल्ल सन्दूर चढ़ायो, भ्याइयां दी पूजा करो
गौरजां दे पुत्तर गणेश बली राजा भगती करो
हरे-हरे लेण लपायो, भ्याइयां दी पूजा करो...।
मिठड़ा परसाद चढ़ायो, भ्याइयां दी पूजा करो
गौरजां दे पुत्तर गणेश बली राजा भगती करो
हरे-हरे लेण लपायो, भ्याइयां दी पूजा करो।

भावार्थ : शिशु जन्म पर अपने कुल की देवी की प्रतिमा घड़ी जाती है। मिट्टी से मूर्ति घड़ने की परम्परा है। फिर इसकी विधिवत् सब औपचारिकताएं निभाते हुए वन्दना का विधान है। यह पूजा शिशु के स्वास्थ्य व भाग्य के लिए एक प्रार्थना है, शिशु के परिजनों की ओर से। गोबर में हरा रंग डाल कर हरे-हरे दिखते गोबर से लिपाई करो और भ्याई देवी की पूजा करो। साथ ही पार्वती पुत्र गणेश की भी भक्ति करो। लाल वस्त्र, भ्याई देवी को चढ़ाया जाए। गंगा जल से स्नान कराया जाए। हरी दूब तथा फूलों से पूजा की जाए। लाल सिन्दूर से देवी

स्वर लिपी :-

			2				0			3			
सा	रे	सा	सा	नि़	नि़	–	नि़	सा	रे	सा	–	सा	रे
ह	रे	ऽ	ह	ऽ	रे	ऽ	ले	ऽ	ऽ	ण	ऽ	ल	ऽ
रे	–	–	सा	–	नि़	–	सा	–	–	सा	–	सा	रे
पा	ऽ	ऽ	यो	ऽ	[illegible]	ऽ	या	इ	ऽ	यां	ऽ	दी	ऽ
रे	–	–	सा	–	नि़	ध	नि़	–	–	–	–	–	–
पू	ऽ	ऽ	जा	ऽ	क	ऽ	रो	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
सा	रे	सा	सा	नि़	नि़	–	नि़	सा	रे	सा	–	सा	रे
गौ	र	ऽ	जां	ऽ	दे	ऽ	पु	त्त	ऽ	र	ऽ	ग	ऽ
रे	–	–	सा	–	नि़	–	सा	–	–	सा	–	सा	रे
णे	ऽ	ऽ	श	ऽ	व	ऽ	ली	ऽ	ऽ	रा	ऽ	जा	ऽ
रे	–	–	सा	–	नि़	ध	नि़	–	–	–	–	–	–
भ	ग	ऽ	ती	ऽ	क	ऽ	रो	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

का श्रृंगार करके मीठा प्रसाद चढ़ाया जाए। देवी व गोरां पुत्र गणेश की श्रद्धा से पूजा अर्चना की जाए। बच्चे के शुभ व मंगलमय भविष्य के लिए। यही इस गीत का अभिप्राय व भावार्थ है। जो जितना प्रिय होता है उतना ही अधिक उसके लिए मन व्याकुल होता है। व्याकुल हृदय प्रार्थना में त्राण प्राप्त करता है।

7. अद्धी अद्धी राती

अद्धी-अद्धी राती भ्यागा दे बेले
कृष्ण होये अवतारी हां ।
उठेआं जी उठेआं पिता वसुदेवा,
कृष्ण होये अवतारी हां ।

भ्यागा दे बेले हां सतिए
जियां हिली कुम्भा पर थाली हां,
गोकल हो सतिए अवतार लेया,
नरैणैं राजे वसुदेवे दे घरें हां।

सत दिन ओबरी सत दिन तारे,
वसुदेवैं बेड़ी बणाई हां।
कृष्ण दे रूपे जन्मेआ विष्णु,
वसुदेवे दी बेड़ी खुली जांदी हां।

अवतार होया नरैणे राजे दा,
बिना कुंजी खुली जांदे ताले हां ।
अगे-अगे चले मेरे पिता वसूदेव,
पिछे जमना पेई उफाणै हां ।

डरैं मत डरैं पिता वसुदेवा
नदी आई चरणां बन्दणा हां।

भावार्थ : इस गीत में पुत्र जन्म के अवसर पर प्रभु कृष्ण की महिमा के बखान से लोक-मन में निरन्तर बह रही भक्ति धारा का परिचय मिलता है। आधी रात के समय पिता वासुदेव के घर कृष्ण ने जन्म लिया। नारायण अर्थात विष्णु कृष्ण के रूप में अवतारित हुए हैं। कृष्ण जन्म होते ही वासुदेव की बेड़ियां खुल गईं। बिना चाबी के कारावास के द्वार पर लगा ताला खुल गया। वासुदेव कृष्ण को गोकुल पहुंचाने के लिए चले तो उनके पीछे-पीछे यमुना की लहरें आने लगी। यमुना नदी कृष्ण के चरणों की वन्दना के लिए लालायित थी। भक्ति-रस में सराबोर लोक-मानस समस्त प्रकृति को अपने प्रभु के चरणों में झुका देख कर आन्नदित होता है।

स्वर लिपी :-

		0				0	
	निसा	सा	गरे	रे-	ऽऽ	सा-	-
	अद्धी	अ	द्धीऽ	राऽ	ऽऽ	तीऽ	ऽ
-	नी-	नीप	प	सा-	-	नी-	-
ऽ	ध्या	गाऽ	दे	बेऽ	ऽ	लेऽ	ऽ
-	नीसा	सा-	गरे	रे-	--	सा	नी
ऽ	कृऽ	ष्ण	होऽ	येऽ	ऽऽ	अ	व
नीसा	सारे	रे-	सानी	सा	-	-	-
ताऽ	रीऽ	ऽऽ	ऽऽ	हां	ऽ	ऽ	ऽ

गीत की अन्य पंक्तियां भी इसी प्रकार गाई जाएंगी।

8. घर वसुदेवे दे

घर वसुदेवे दे जन्मेया पुत्तर,
जसोदा पलंगैं चढ़ी एऽऽऽ ।
नन्द करदा गऊआं दे दान,
सोयने दे सिंग मढ़ी एऽऽऽ ।

भट्ट ब्राह्मण दिन्दे न सीसां,
जीये स्हाड़ा कृष्ण हरि एऽऽऽ ।
आई तां गेइआं वृज दियां नारां,
सोलह सिंगार करी एऽऽऽ ।

सेइआं तां गांदियां मंगल गान,
जीये स्हाड़ा श्याम हरि एऽऽऽ ।
घर वसुदेवे दे जन्मेया पुत्र,
जसोदा पलंगैं चढ़ी एऽऽऽ ।

नन्द करदा ऐ मोतियां दे दान,
थालां कटोरां भरी ए ।
आई तां गेइआं वृज दियां नारां,
सोलह सिंगार करी एऽऽऽ ।

भट ब्राह्मण दिन्दे न सीसां,
जीये स्हाड़ा कृष्ण हरी ए।
घर वसुदेवे.......॥

भावार्थ : इस गीत में पुत्र-जन्म की प्रसन्नता में पिता द्वारा दान का वर्णन है। वसुदेव के घर पुत्र ने जन्म लिया है, यशोदा पलंग पर बैठी है। नन्द प्रसन्नता से गऊओं का दान कर रहे हैं, जिनके सींग सोने से मढ़े हैं। भाट तथा ब्राह्मण आशीर्वाद दे रहे हैं कि हमारा कृष्ण जुग-जुग जिए। बृज की नारियां सोलह श्रृंगार करके आ रही हैं। वे भी मंगल गान गा रही है कि हमारा कृष्ण युगों-युगों तक सकुशल रहे। वसुदेव के घर पुत्र ने जन्म लिया। यशोदा पलंग पर आसीन है। थाल तथा कटोरियां मोतियों से भरकर नन्द दान कर रहे हैं। बृज की नारियां

स्वर लिपी :-

		0				0	
	ऩिसा	सा	ग॒रे	रे-	--	सा-	--
	घर	व	सुऽ	देऽ	ऽऽ	वेऽ	ऽऽ
--	ऩी-	ऩीप़	प़	सा-	-	नी-	-
देंऽ	जन्	मेऽ	या	पुऽ	ऽ	तऽ	र
-	ऩीसा	सा-	ग॒रे	रे-	--	सा	ऩी
ऽ	जऽ	सोऽ	दाऽ	पऽ	ऽऽ	लं	गैं
ऩीसा	सारे	रे-	(ग)साऩी	सा	-	-	-
चऽ	ढ़ीऽ	ऽऽ	ऽऽ	ए	ऽ	ऽ	ऽ

गीत की अन्य पंक्तियां भी इसी प्रकार गाई जाएंगी।

सुसज्जित परिधानों में आ रही है। भाट तथा ब्राह्मण आशीर्वाद दे रहे हैं कि श्री कृष्ण दीर्घायु हों। कांगड़ा जनपद में पुत्र जन्म के अवसर पर कृष्ण का जीवन चरित ही बहुधा दोहराया जाता है। पुत्र की कृष्ण-रूप में ही परिकल्पना है।

9. बारहाँ तां बरीयाँ

बारहाँ तां बरीयाँ नणद जे आई सइयो, मंगदी गीगे बधाई
भाण्डेयां दे बिच गागर चंगेरी सइयो,
ओह् स्हाड़ी नणदा जो देओ ।
गागर तां भाबो घर रख अपणे,
मैं लैणियां फुलझड़ियां,
बारहाँ तां बरीयाँ......।
फुलझड़ियां राजे-रौआं दे बेड़े नणदे, स्हाड़े नी फुलझड़ियां.....।
गह्णेयां दे बिच बेसर चंगेरी सइयो,
ओह् स्हाड़ी नणदा जो देओ ।
बेसर तां भाबो घर रख अपणे,
मैं लैणियां फुलझड़ियां,
बारहाँ तां बरीयाँ......।
फुलझड़ियां राजे-रौआं दे बेड़े नणदे, स्हाड़े नी फुलझड़ियां.....।
कपड़ेयां दे बिच घघरी चंगेरी सइयो,
एह् स्हाड़ी नणदा जो देओ ।
घघरी तां भाबो घर रख अपणे,
मैं लैणियां फुलझड़ियां,
बारहाँ तां बरीयाँ......।
फुलझड़ियां राजे-रौआं दे बेड़े नणदे, स्हाड़े नी फुलझड़ियां.....।
मार मटाका नणद जे उठी सइयो लंघ गई दरिया,
घरे तां जादियां सस्स जे पुच्छदी क्या मिली गीगे बधाई,
झूठेयां लोकां झूठ गलाया सस्सू भावो ने धीवड़ जाई।
अज कर नुए पज कर नुए, भावो नैं मुंए नी लाई
बारहाँ तां बरियां बीर घर आया रूठड़ी भैण मनाई
सुच्चेआ मोतिया थाल भराया, उपर फुलझाड़ियां।
उठ-उठ भैणे गल लग मेरे, तू मेरी अम्मा दी जाई
मैं कन्नैं तू अड़िए सगे ता भैण भाई-भावो बगानड़ी जाई।।

भावार्थ : शिशु जन्म के अवसर पर बधाई गीतों का प्रचलन है। ये गीत अत्यन्त रोचक है। यद्यपि इन्हें हास-परिहास हेतु ही गाया जाता है। परन्तु इनमें निकट सम्बन्धियों की प्रसन्नता के साथ-साथ उनकी इच्छाएं भी चित्रित हुई हैं। इस गीत में भाई के घर पुत्र जन्म के बारह वर्ष बाद बधाई लेने आई बहन आभूषण

स्वर लिपी :-

			2				0			3			
ऩीसा	सारे	रेसा	ऩी	ऩीप़	प़	म़	प़	पऩी	ऩी	सा	–	रेग	सा
बा	रहां	तांऽ	ब	रिऽ	याँ	ऽ	न	णद	जे	आ	ई	सेइ	यो
सा	रेरे	पम	गरे	ग	सा	नि	सा	–	–	–	–	–	–
मं	ऽग	दीऽ	गीऽ	ऽ	गे	ब	धा	ई	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
ऩीसा	सारे	रेसा	ऩी	ऩीप़	प़-	म़-	प़	पऩी	ऩी	सा	–	रेग	सा
भांऽ	डेऽ	यांऽ	दे	ऽऽ	वि	च	गा	गर	चं	गे	री	सेइ	यो
सा–	रेरे	पम	गरे	ग	सा	ऩि	सा	–	सा	–	–	–	–
ओह	स्हा	ड़ीऽ	नऽ	ण	दा	जो	दे	ऽ	ओ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में केवल स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

मांगती है। भाभी टाल मटोल करते हुए कहती है कि घर में जो भी अच्छी से अच्छी वस्तु है, वह मेरी ननद को दी जाए। बर्तनों से आरंभ करके श्रेष्ठतम गहना व वस्त्र देने की बात करती है। परंतु बहन '**फुल्लझड़ियां**' (शीशफूल) लेने के आग्रह पर अड़ी है। अन्ततः भाभी के इन्कार करने पर वह रूठ कर दरिया पार, अपने ससुराल पहुँच जाती है। सास पूछती है कि बच्चे के जन्म पर बधाई स्वरूप क्या मिला तो वह बहाना बनाती है कि लोगों ने झूठी खबर फैलाई थी। मेरी भाभी ने तो बेटी को जन्म दिया है। सास सब समझ कर, ताना देती है। बारह वर्षों बाद भाई घर लौटता है और रूठी हुई बहन को मना कर लाता है। सुच्चे मोतियों से भरे थाल पर फुल्लझड़ियां रख कर देते हुए कहता है कि तू मेरी मां की जाई है और भाभी बेगानी है। ..... गीत में बहन-भाई के स्नेह सम्बन्धकी पराकाष्ठा है तो भाभी की नाराज़गी भी है। सब से बड़ी बात, सास द्वारा बहू को बधाई स्वरूप मिले उपहार के सम्बन्ध में पूछना है। यह बहुओं पर ससुराल का दबाव है। जिसकी वजह से ही वे अपने मायके से कुछ न कुछ बहुमूल्य उपहार चाहती है।

10. बालक जन्मेया मैं सुणेया

बालक जन्मेया मैं सुणेया राधके, जे किछ मंगणा मंगी लै ।
सोयने दे मह्ल पुआ मेरे राजा जी,
बरांडा पुआई देयो दन्दू दा ।
पुठीआँ अड़ीआँ ना पा मेरी राधके,
बरांडा नी दिखेया दन्दू दा ।
बालक जन्मेया...
सर्पां दी पीह्ंग पुआ मेरे राजा जी,
डोर लुआई देयो विच्छुए दी ।
पुठीआँ अड़ीआँ ना पा मेरी राधके,
डोर न दिक्खी बिच्छुए दी ।
बालक जन्मेया...
गोले दी नत्थ बणुआई देयो राजा जी,
चुटकी लुआई देओ चंदे दी ।
पुठीआँ अड़ीआँ नी पा मेरी राधके,
चुटकी नी दिखी ऐ चन्दे दी ।
बालक जन्मेया...।

भावार्थ : इस गीत में पुत्र की माँ मानपूर्वक पति से उपहार माँग रही है। वास्त में वह हास-परिहास की मनः स्थिति में है। – हे राधा! मैंने सुना है कि बाल ने जन्म लिया है अतः तूने जो कुछ माँगना है, वह मांग ले। – हे मेरे राजा! मु सोने का महल बना दो तथा उसका बरामदा हाथी दांत का बना दो। – मे राधिका! उल्टे हठ मत करो, मैंने हाथी दांत का बना बरामदा नहीं देखा। – मेरे राजा जी – मुझे सर्पों की पींग (झूला) बनवा दो, और बिच्छू की डोर उ पर डोर लगा दो। – राधा! अनहोनी बातें मत करो, मैंने बिच्छू की बनी डोर क नहीं देखी। – मेरे राजा! मुझे गरी (नारियल) के गोले की नथनी बनवा दो औ उसमें चांद की चुटकी लगवा दो। – मेरी राधिका! यह कैसी मांग है, मैंने चां की चुटकी कहीं नहीं देखी। पत्नी, पति को जैसे उसकी असमर्थता का भा

स्वर लिपी :-

			2				0			3			
										सा	–	रे	–
										बा	ऽ	ल	ऽ
ग	–	–	रे	–	सा	–	ध़	–	–	सा	–	रे	–
क	ऽ	ऽ	ज	ऽ	मे	ऽ	या	ऽ	ऽ	मैं	ऽ	सु	णे
ग	–	–	रे	–	सा	–	ध़	–	–	रे	–	रे	–
या	ऽ	ऽ	रा	ऽ	ध	ऽ	के	ऽ	ऽ	जे	ऽ	कि	ऽ
रे	–	सा	सा	–	रे	–	ग	–	–	रे	–	सा	–
छ	ऽ	ऽ	मं	ऽ	ग	ऽ	णा	ऽ	ऽ	मं	ऽ	गी	ऽ
सा	–	–	–	–	–	–	–	–					
लै	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ					

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

करवाना चाहती है। बालक को जन्म देकर वह स्वयं भी एक शिशु की मन:स्थिति में पहुँच गई है। यह गीत पति व पत्नी के बीच हुए संवादों पर आधारित है।

11. कुदे हत्थ बंसरी

कुदे हत्थ बंसरी कुदिया गोदिया बाल जी,
मेरे निक्के जेहे ने जन्म लेआ ।

दादे हत्थ बंसरी, दादिया गोदिया बाल जी,
मेरे निक्के जेहे ने जन्म लेआ ।
भावार्थ : प्रस्तुत गीत में बहू की प्रसवास्था का वर्णन है। पुत्र उत्पन्न होने से पहले घर में कुम-कुम कटोरी में भरकर रखा है। द्रूव भी आंगन में इतनी उगी है कि उसे द्रांती से काट लो। बहू के कलेजे में पीड़ा हो रही है। वह सास के प्रति उपालम्भपूर्ण सोचती है कि उसे इस बात का पता नहीं कि उसकी बहू माँ बनने वाली है। पुत्रवधू जब बार-बार करवटें बदलती है और प्रसव वेदना में कराहती है तो सास परेशान होती है ओर कहती है कि तुम औरों को भी सोने नहीं देती। किन्तु अचानक बहू पुत्र को जन्म देती है। इस स्वर को सुनते ही नगाड़ों पर चोट पड़ जाती है। अर्थात् सब तरफ यह शुभ समाचार फैल जाता है। बहू अपनी सास को कहती है कि अब आप धन की बोरीयां लुटा दो,

स्वर लिपी :-

		0				0	
सा-	रे	ध़-	सा-	रे	-म	प	-
कुँगु	ए	भरि	यांक	टो	-रि	यां	ऽ
म-	प-	ध-	प-	मम	-रे	म-	प-
दरा	टिया	लुणी	हरी	द्रुव	किऽ	बा	लक
म	प	ध़	प	मम	-रे	म-	प-
लो	री	लै	ऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ
सा-	रे-	ध़-	सा-	रे-	-म	प-	--
सऽ	स्सू	नीऽ	नऽ	वेंद	ऽणि	येऽ	मेरे
म-	प-	ध-	प-	मम	-रे	म-	प-
उठी	वोक	लेऽ	जेऽ	पीऽ	ऽड़	बाऽ	लक
म	प	ध	प	मम	-रे	म-	प-
लो	री	लै	ऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ

गीत की अन्य पंक्तियां भी इसी प्रकार गाई जाएंगी।

आपको पोत्र की प्राप्ती हुई है। तब बेचारी सास बहू को कहती है कि तुम्हारी छटपटाहट सत्य थी। मैं तो यह समझ ही न सकी। तुम्हारा बेटा जुग-जुग जीये और बालक को उठाकर लोरी देने लगती है।

63. झग्गे तेरे सुच्चे जड़े

झग्गे तेरे सुच्चे जड़े बाला जी झग्गा तिज्जो किन्ही दिता
रावल पिण्डी मेरे दादा रैह्न्दे दादी जी मिन्जो झग्गा ऊन्हा दिता
झग्गे तेरे सुच्चे ....

झग्गे तेरे सुच्चे जड़े बाला जी झग्गा तिज्जो किन्ही दित्ता
रावल पिण्डी मेरे ताया रैह्न्दे ताई जी मिन्जो झग्गा ऊन्हा दिता
झग्गे तेरे सुच्चे ....

झग्गे तेरे सुच्चे जड़े बाला जी झग्गा तिज्जो किन्ही दित्ता
रावल पिण्डी मेरे चाचा रैह्न्दे चाची जी मिन्जो झग्गा ऊन्हा दित्ता
झग्गे तेरे सुच्चे ....

झग्गे तेरे सुच्चे जड़े बाला जी झग्गा तिज्जो किन्ही दित्ता
रावल पिण्डी मेरे बूआई रैह्न्दे बूआ जी मिन्जो झग्गा ऊन्हा दित्ता
झग्गे तेरे सुच्चे ....।

भावार्थ : इस गीत में बच्चे से परिवार के स्नेह-सम्बन्ध का विवरण है। संयुक्त परिवार में शिशू सभी का लाड़ला-दुलारा होता है। सुन्दर कमीज पहने हुए बच्चे से दादी पूछती है कि तुम्हारे कुर्त्ते में असली मोती जड़े हुए हैं। यह तुम्हें किसने दिया है। बच्चा कहता है कि मेरे दादा, रावल पिण्डी में रहते हैं, उन्होंने ही यह उपहार मुझे दिया है। यही प्रश्न ताई, चाची तथा बुआ करती है। बालक उत्तर में ताया, चाचा तथा फूफा द्वारा मोतियों जड़ा कुर्त्ता लाने की बात कहता है। विभाजन पूर्व से गाए जा रहे इन गीतों में रावल पिण्डी तथा लाहौर शहर का वर्णन अक्सर आता है। दोनों देशों के मध्य कितनी भी दूरियां आ गई हों। परन्तु लोकमानस ने इन शहरों को बिसराया नहीं है।

स्वर लिपी :-

		0				0	
सा	रे	नी	ध	ध़	सा	रे	रे
झ	ग्गे	ते	रे	सु	च्चे	ज	ड़े
सा	रे	म	–	ग	रे	सानि़	सा
बा	ला	जी	ऽ	झ	ग्गा	तिज्	जो
रे	--	सा	–	सारे	-सा	नि़ध़	ध़ध़
कि	न्हीं	दि	ता	राव	लपि	ण्डीऽ	मेरे
सा	–	रें-	-रे	सा	रे	म	–
दा	दा	रै	न्दे	दा	दी	जी	ऽ
ग	रे	सानि	-सा	रे	--	सा	–
झ	गा	मिऽ	न्जो	ऊ	न्हा	दि	ता

गीत के अन्य बोल भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाए जाएंगे।

64. ऐसा छन्नरिया

ऐसा छन्नरिया पेटे जे उगमे बैर ही बैर पुकारै
मेरा मन बैरां जो, बैर ही बैर पुकारै ......

बैरां जो ढूंढण सौहरा जे निकले
घुमी-फिरी घर आए, मेरा मन बैरां जो
ऐसा छन्नरिया पेटे जे उगमे, बैर ही बैर पुकारै
मेरा मन बैरां जो .....

बैरां जो ढूंढण जेठ जे निकले
ताश खेली घर आए, मेरा मन बैरां जो
ऐसा छन्नरिया पेटे जे उगमे, बैर ही बैर पुकारै
मेरा मन बैरां जो .....

बैरां जो ढूंढण देयोर जे निकले
खिनुआँ खेली घर आए, मेरा मन बैरां जो
ऐसा छन्नरिया पेटे जे उगमे, बैर ही बैर पुकारै
मेरा मन बैरां जो .....

बैरां जो ढूंढण कन्त जे निकले
बैर लेई घर आए, मेरा मन बैरां जो
ऐसा छन्नरिया पेटे जे उगमे, बैर ही बैर पुकारै
मेरा मन बैरा जो .....

भावार्थ : प्रसवावस्था में एक भावी मां क्या अनुभव करती है, इसी का वर्णन इस गीत में है। शरीर ही नहीं, मन के स्तर पर भी बहुत परिवर्तन आता है। खान-पान को लेकर, इच्छाएं अनियन्त्रित हो जाती हैं। जन्मगीतों के वर्गीकरण के आधार पर, ऐसे गीत 'सूहड़ी' शीर्षक के अन्तर्गत आते हैं। मां बनने जा रही युवती कहती है कि ऐसा शरारती खिलदंड बच्चा मेरे पेट में हलचल मचा रहा है जो बैर खाना चाहता है। बैर-बैर पुकार रहा है अत: मेरा मन बैर खाने को

स्वर लिपी :-

			2				0			3			
सा	–	–	सा	–	सा	–	रे	सा	–	रे	–	–	–
ऐ	ऽ	ऽ	सा	ऽ	छ	ऽ	न्न	रि	ऽ	या	ऽ	ऽ	ऽ
नी़	–	–	सा	–	सा	–	रे	सा	नि़	सां	रे	–	–
पे	ऽ	ऽ	टे	ऽ	जे	ऽ	उ	ग	ऽ	मे	ऽ	ऽ	ऽ
नि़	–	–	सा	–	सा	–	सा	–	–	सा	–	सा	रे
बै	ऽ	ऽ	र	ऽ	ही	ऽ	बै	ऽ	ऽ	र	ऽ	पु	ऽ
नी़	–	–	सा	–	सा	–	रे	सा	नि़	सा	रे	–	–
का	ऽ	ऽ	रै	ऽ	मे	ऽ	रा	ऽ	ऽ	म	ऽ	न	ऽ
नि़	–	–	सा	–	सा	–	सा	–	–	–	–	–	–
वै	ऽ	ऽ	रां	ऽ	जो	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

हो रहा है। सुसर बैर लाने के लिए घर से निकलते हैं। परन्तु घूम फिर कर लौट आते हैं। मेरे ज्येष्ठ (पति के बड़े भाई) बैर ढूंढने घर से बाहर गए। लेकिन ताश खेल कर खाली हाथ वापिस आ गए। देवर भी बेर लाने का बहाना कर के निकला, परन्तु गेंद खेल कर घर आ गया। मेरे पति मेरी इच्छा पूरी करने के लिए निकले और बेर ले आए। अर्थात मेरे प्रिय के अतिरिक्त किसी को भी मेरी इच्छा/अनिच्छा का धयान नहीं है। हास परिहास के बहाने सम्बन्धों की ज़रा-ज़रा सच्चाइयां सामने आ जाती हैं।

65. बीहणे क्यारिया वीजदिया

बीहणे क्यारिया बीजदिया जी लसाका गेया
बाहरे ते पुच्छदा है सौरा नूएं तिजो क्या जी होया
अन्दरे ते दिन्दी जवाबा मरद पीड़ां क्या जाणदे।

बीहणे क्यारिया बीजदिया जी लसाका गेया
बाहरे ते पुच्छदा है जेठ तिजो क्या जी होया
अन्दरे ते दिन्दी जवाबा मरद पीड़ां क्या जाणदे।

बीहणे क्यारिया वीजदिया जी लसाका गेया
बाहरे ते पुच्छदा है द्योर भावी तिजो क्या जी होया
अन्दरे ते दिन्दी जवाबा मरद पीड़ां क्या जाणदे।

भावार्थ : यह गीत प्रसव पूर्व की पीड़ा के सम्बन्ध में है। मां शिशु को जन्म देने की प्रक्रिया में बहुत कष्ट से गुजरती है। इस दर्द को केवल नारी ही समझ सकती है। केवल नदी जानती है कि चप्पू कितना गहरा जाता है मल्लाह नहीं जान सकता। नौका में बठै लोग भी नहीं जान पाते। इसी तरह पुरूष इस कष्ट को नहीं समझ सकते। धनिया बीजते हुए सुवती की पीठ में दर्द की लहर उठती है। एक बिजली सी लहरा जाती है। ससुर पूछते हैं कि बहू तुम्हें क्या हुआ है। तो वह उत्तर देती है कि मैं क्या बताऊं। क्योंकि मर्द इस पीड़ा को नहीं समझ सकते। बारी-बारी से परिवार के सभी पुरूष सदस्य अर्थात पति का बड़ा व छोटा भाई भी यही प्रश्न पूछता है। वह यही उत्तर दोहराती है कि आप मेरा दुःख नहीं समझ सकते।

स्वर लिपी :-

			2				0			3			
प़	–	सा	नि़	–	नि़	–	सा	–	–	सा	–	सा	–
वी	ऽ	ह	णे	ऽ	क	ऽ	या	ऽ	ऽ	रि	ऽ	या	ऽ
रे	–	–	सा	–	सा	–	नि़	–	–	नि़	–	सा	–
वी	ऽ	ऽ	ज	ऽ	दि	ऽ	या	ऽ	ऽ	जी	ऽ	ल	ऽ
रे	–	–	सा	–	नि़	–	सा	–	–	–	–	–	–
सा	ऽ	ऽ	का	ऽ	गे	ऽ	या	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
प़	सा	–	नि़	–	नि़	–	सा	–	–	सा	–	सा	–
वा	ह	ऽ	रे	ऽ	ते	ऽ	पु	च्छ	ऽ	दा	ऽ	है	ऽ
रे	–	–	सा	–	सा	–	नि़	–	–	नि़	–	सा	–
सो	ऽ	ऽ	रा	ऽ	नू	ऽ	एं	ऽ	ऽ	ति	ऽ	जो	ऽ
रे	–	–	सा	–	नि़	–	सा	–	–	–	–	–	–
क	या	ऽ	जी	ऽ	हो	ऽ	या	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

66. ए जी नणद-भरजाईया

ए जी नणद-भरजाईया दा जोड़ा कत्तण चरखा डाह बैठियां
भावो जे तेरे जन्मेगा पुत्तर, बधै तेरा गोत बधाई सांजोह क्या जे दिंगी
नणदे जे मेरे जन्मेगा पुत्तर बधै मेरा गोत
बधाई तिजो कड़ेयां जोड़ी
ए जी भावो जो लगीयां न पीड़ा नणद बूओ बाह्र खड़ी
भावो हुण तेरे जन्मेगा पुत्तर बधाई सांजोह क्या जे दिंगी
नणदे मापेयां घरे ते आए साड़े नाल
कंगण तिज्जो न दियांगी
ए जी पलंग बैठे गोरी दे सौह्रा
गोरी दी सस बोले नूएं देई दे कंगण जोड़ी
धी स्हाड़ी रुस गेई है
ए जी नणद भरजाईयां दा जोड़ा ....।
नणदे जे मेरे जन्मेगी धीवड़, घटे मोरा जिया
बधाई तिजो न देणी जी।
ए जी नणद-भरजाईयां दा जोड़ा ....।

भावार्थ : इस गीत में ननद तथा भाभी के बीच संवाद है। दोनों चरखा कातते हुए बातचीत कर रही हैं। ननद, शीघ्र ही मां बनने जा रही भाभी से पूछती है कि यदि उन्होंने पुत्र को जन्म दिया तो मुझे क्या बधााई देंगी। पुत्र जन्म से मायके की वंश-वृद्धि होगी अतः उपहार तो मैं लूंगी ही। भाभी उसे कंगनों की जोड़ी देने की बात कहती है। परन्तु बाद में, प्रसव-प्रक्रिया से गुज़रते हुए कहती है कि, मायके से दहेज में पर्याप्त वस्तुएं आई हैं। लेकिन ननद कंगनों के लिए ही आग्रह करती है। सास-ससुर भी चाहते हैं कि वह उपहार स्वरूप कंगन दे दे। अन्यथा बेटी रूठ जाएगी। भाभी फिर भी टालने की चेष्टा करते हुए कहती है कि यदि मैंने बेटी को जन्म दिया तो मेरा मन घबराएगा तब मैं कुछ भी नहीं दे पाऊंगी। यद्यपि हास-परिहास भरा गीत है परन्तु मायके में बेटी के वर्चस्व की ओर भी संकेत इसमें है।

स्वर लिपी :-

			2				0			3			
										सा	–	रे	–
										ए	ऽ	जी	ऽ
सा	–	–	नि़	–	प	प	नि़	सा	–	रे	–	रे	–
न	ण	ऽ	दा	ऽ	भ	र	जा	ई	ऽ	यां	ऽ	दा	ऽ
म	–	–	रे	–	सा	नि़	नि़	सा	–	रे	–	म	–
जो	ऽ	ऽ	ड़ा	ऽ	क	ऽ	त	ण	ऽ	च	र	खे	ऽ
म	–	–	रे	–	सा	नि़	सा	–	–	सा	–	रे	–
डा	ऽ	ह	बैं	ऽ	ठि	ऽ	यां	ऽ	ऽ	भा	ऽ	वो	ऽ
सा	–	–	नि़	–	प	प	नि़	सा	–	रे	–	रे	–
जे	ऽ	ऽ	ते	ऽ	रे	ऽ	ज	न्	ऽ	मे	ऽ	गा	ऽ
म	–	–	रे	–	सा	नि़	नि़	सा	–	रे	–	म	–
पु	ऽ	ऽ	त्त	र	ब	ऽ	धै	ऽ	ऽ	ते	ऽ	रा	ऽ
म	–	–	रे	–	सा	नि़	सा	–	–	रे	–	म	–
गो	ऽ	ऽ	त्र	ऽ	ब	ऽ	धा	ई	ऽ	सां	ऽ	जो	ह
म	–	–	रे	–	सा	नि़	सा	–	–				
क	या	ऽ	जे	ऽ	दिं	ऽ	गी	ऽ	ऽ				

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

67. गीगा जम्मेया बलो

गीगा जम्मेया बलो, बावे नैं सुणेया की ना,
बावा सुणदे आये सुणदे, गुणदे आए,
द्रुवा सजांदे आये, बधाइयां लैंदे आए,
मेरेया होल्लरूआ चन्दा, खेलेयां दादिया केहड़िया गोद।

गीगा जम्मेया बलो, ताये नैं सुणेया की ना,
ताया सुणदे आये सुणदे, गुणदे आए,
द्रुवा सजांदे आये, बधाइयां लैंदे आए,
मेरेया होल्लरूआं चन्दा, खेलेया ताईया केहड़िया गोद।

गीगा जम्मेया बलो, चाचे नैं सुणेया की ना,
चाचा सुणदे आये सुणदे, गुणदे आए,
द्रुवा सजांदे आये, बधाइयां लैंदे आए,
मेरेया होल्लरूआं चन्दा, खेलेया चाचिया केहड़िया गोद।

गीगा जम्मेया वलो, मामे नैं सुणेया की ना,
मामा सुणदे आये सुणदे, गुणदे आए,
द्रुवा सजांदे आये, बधाइयां लैंदे आए,
मेरेया होल्लरूआं चन्दा, खेलेया मामिया केहड़िया गोद।

भावार्थ : प्रस्तुत गीत में शिशु जन्म के समाचार को सम्बन्धियों तक पहुंचने को लेकर व्याग्रता अभिव्यक्त हुई है। भारतीय समाज में, खुशियों को सांझा करने की प्रथा और ललक दोनों है। नवजात बच्चे की मां उत्सुकतावश पूछती है कि बच्चे ने जन्म लिया है इसकी ख़बर दादा तक पहुंची है कि नहीं। बताया जाता है कि दादा सुनते व समझते हुए घर पहुंचे हैं। रास्ते भर उनकी पगड़ी पर हरी दूब सजाई गई है और वह बधााई स्वीकारते हुए घर पहुंचे हैं। यही प्रश्न क्रमश ताया, चाचा व मामा के सम्बन्ध में पूछा गया है। उत्तर में सभी द्वारा दूब स्वीकार करने व बधााई लेने की बात कही गई है। साथ-साथ बधाई देने का अर्थात उपहार स्वरूप धनराशि देने का भी जिक्र है। सुख-दुख के हर संस्कार में दान की प्रथा, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से विद्यमान है।

स्वर लिपी :-

		0				0	
–	–	पऩि	ऩि	सारे	रे	रेसा	सारे
–	–	गीऽ	गा	जम्न	मे	याऽ	वऽ
रे	–ऩि	पऩि	ऩिऩि	ऩिसा	सारे	रे	रेसा
लो	ऽऽ	बाऽ	बेनै	सुऽ	णेऽ	या	कीऽ
सा	–	पऩि	ऩि	रेसा	सा	ऩिं	ऩि
ना	ऽ	बाऽ	वा	सुण	दे	आ	ए
पऩि	ऩिम	ऩिसा	सा	ऩि	ऩि	पऩि	नि
सुण	देऽ	गुण	दे	आ	ये	द्रुऽ	वा
ऩिसा	सा	ऩि	ऩिम	पऩि	ऩि	रेसा	सा
सजां	दे	आ	येब	धाइ	यां	लैंऽ	दे
ऩि	ऩि	पऩि	ऩिऩि	सारे	रेरे	रेसा	सारे
आ	ये	मेऽ	रेया	होऽ	लरु	आऽ	चंऽ
रे	–ऩि	पऩि	ऩिऩि	ऩिसा	सारे	रे–	रेसा
दा	ऽऽ	खेऽ	लेयां	दाऽ	दिया	केऽ	ड़िया
सा	–						
गो	द						

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

68. पत्थरां तां मारी मेरा घड़ा तोड़ेया

पत्थरां तां मारी मेरा घड़ा तोड़ेया, नी जसोधा तेरे लाल नैं,
छोटी देई राधकां दा दिल तोड़ेया, नी जसोधा तेरे लाल नैं,
हथ्थे च गड़वा गंगा जल पाणी, चरण धुआणे दी बेल्ला मुख मोड़ेया,
नी जसोधा [illegible] लाल ने .....।

पत्थरां तां मारी मेरा घड़ा तोड़ेया, नी जसोधा तेरे लाल नैं,
छोटी देई राधकां दा दिल तोड़ेया, नी जसोधा तेरे लाल नैं,
हथ्थे च करणी फुलां कनैं भरणी, हार पहनाणे दी बेल्ला मुख मोड़ेया, नी जसोधा तेरे लाल ने .....।

पत्थरां तां मारी मेरा घड़ा तोड़ेया, नी जसोधा तेरे लाल नैं,
छोटी देई राधकां दा दिल तोड़ेया, नी जसोधा तेरे लाल नैं,
हथ्थे च थाली केसर वाली, तिलक लगाणे दी बेल्ला मुख मोड़ेया,
नी जसोधा तेरे लाल ने .....।

भावार्थ : जन्म के या जन्मदिन मनाए जाने के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों में कृष्ण लीला, लोक मानस का प्रिय विषय है। इस गीत में बृज की गोपियों का उपालंभ चित्रित है। मां यशोदा से शिकायत करती हुई कहती हैं कि तुम्हारे बेटे ने पत्थर मार कर घड़ा तोड़ दिया। यही नहीं उन्होंने नन्हीं सी राधिका का दिल भी तोड़ दिया। जो हाथ में गंगा जल से भरा कलश लिए खड़ी थी परन्तु जैसे ही उसने चरण धोने की चेष्टा की, कृष्ण ने मुख फेर लिया। मटका तो फोड़ दिया। परन्तु राधा द्वारा फूलों का हार नहीं पहना। वह केसर से भरी कटोरी लिए खड़ी थी। परन्तु कन्हाई ने तिलक नहीं लगवाया। कृष्ण द्वारा राधा को छेड़ने व चिढ़ाने का वर्णन इस गीत में है।

स्वर लिपी :- स्थायी

		0				0	
ऩि	ऩिरे	रे	रेसा	सा	-सा	सा	सारे
प	त्थ	रां	ताऽ	मा	ऽरी	मे	राऽ
ऩि	ऩि	सा	सा	रे	-म	रे	रेसा
घ	ड़ा	तो	ड़े	या	ऽऽ	नी	जऽ
ऩिसा	सारे	रे	रेसा	सा	-सा	सा	-
सोऽ	धाऽ	ते	रेऽ	ला	ऽल	नैं	ऽ
ऩि	ऩिरे	रेऩि	रेसा	सा	सा	सा	रेसा
ह	ऽऽ	थ्थे	चऽ	ग	ड़	बा	गंऽ
ऩिसा	सारे	रे	रेसा	सा	सा	सा	-
गाऽ	ऽऽ	ज	लऽ	पा	ऽ	णी	ऽ
ऩि	ऩिरे	रे	रेसा	सा	सासा	सा	गरे
च	रऽ	ण	धुऽ	आ	णेदी	बे	ल्ला
ऩि	ऩि	सा	सा	रे	-म	रे	रेसा
मु	ख	मो	ड़े	या	ऽऽ	नी	ऽज
ऩिसा	सारे	रे	रेसा	सा	-सा	सा	-
सोऽ	धाऽ	ते	रेऽ	ला	ऽल	ने	ऽ

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

69.. मैं तिज्जो पुछ्छां

मैं तिज्जो पुछ्छां मेरे अति लाडो चिट्टड़ा तू किन्है गुणैं
दादिया घड़ी ऐ भ्याई जी चौल् चढ़ाई कि चिट्टड़ा मैं इन्हा गुणैं
मैं तिज्जो पुछ्छां मेरे अति लाडो रंगला तू किन्है गुणैं
माइया घड़ी ऐ भ्याई जी गान्ना चढ़ाई कि रंगला मैं इन्हा गुणैं
मैं तिज्जो पुछ्छां मेरे अति लाडो बटला तू किन्है गुणैं
ताइया घड़ी ऐ भ्याई जी सुपारी चढ़ाई कि बटला मैं इन्हा गुणैं
मैं तिज्जो पुछ्छां मेरे अति लाडो लम्बड़ा तू किन्है गुणैं
चाचिया घड़ी ऐ भ्याई जी डोरी चढ़ाई कि लम्बड़ा मैं इन्हा गुणैं
मैं तिज्जो पुछ्छां मेरे अति लाडो सैलड़ा तू किन्है गुणैं
मामिया घड़ी ऐ भ्याई जी दूब चढ़ाई कि सैलड़ा मैं इन्हा गुणैं
मैं तिज्जो पुछ्छां मेरे अति लाडो छैलड़ा तू किन्है गुणैं
मासिया घड़ी ऐ भ्याई जी फुल्ल चढ़ाई कि छैलड़ा मैं इन्हा गुणैं

भावार्थ : इस गीत में कुलदेवी की प्रतीक रूप.माटी की मूर्त्त भ्याई की पूजा–अर्चना की विधि, परोक्ष रूप से वर्णित है। प्रत्यक्षता यह गीत मां और बेटे के मध्य संवाद लड़ी है। मां मनुहारपूर्वक पूछती है कि मेरे अत्यन्त लाड़ले लाल मुझे बता कि तूं इतना गोरा किन गुणों या कारणों से है। पुत्र का जवाब है कि मेरी दादी ने भ्याई मां की मूर्त्ति घड़ी जिस पर धवल चावल चढ़ाए, इसी कारण मैं श्वेतवर्णी हुआ हूं। फिर मां पूछती है कि तू ऐसा रंगदार व सुहावना कैसे हुआ। बेटा उत्तर देता है कि मेरी मां ने अर्थात तुमने भ्याई माता जी की वन्दना, गाना (लाल धागे की डोरी) बांध कर की। इसी लिए मैं सुहावना हुआ हूं। मां पूछती है कि तुम ऐसे बटले अर्थात् अकड़न भरे क्यूं हो तो उत्तर मिलता है कि सुपारी चढ़ाई गई थी। मां पुनः पूछती है कि लम्बे कैसे हुए हो तो बेटा बताता

स्वर लिपी :-

			2				0			3			
ध़	–	–	सा	–	रे	–	सा	सा	–	सा	–	ध़	–
मैं	ऽ	ऽ	ति	ऽ	जो	ऽ	पु	च्छां	ऽ	मे	ऽ	रे	ऽ
ध़	सा	–	सा	–	रे	–	सा	सा	–	ध़	–	ध़	–
अ	ति	ऽ	ला	ऽ	डो	ऽ	चि	ट	ऽ	ड़ा	ऽ	तू	ऽ
ध़	–	–	सा	–	रे	–	रे	–	–	–	–	–	–
कि	ऽ	ऽ	न्है	ऽ	गु	ऽ	णै	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
रे	रे	–	रे	–	–	–	रे	–	–	ग	–	रे	–
दा	दि	ऽ	या	ऽ	ऽ	ऽ	घ	ड़ी	ऽ	ऐ	ऽ	[illegible]	ऽ
सा	–	–	ध़	–	–	–	रे	रे	–	रे	–	–	–
या	ऽ	ऽ	ई	ऽ	जी	ऽ	चौ	ऽ	ऽ	ल़	ऽ	च	ऽ
रे	–	–	ग	–	रे	–	सा	–	–	ध़	–	–	–
ढ़ा	ऽ	ऽ	ई	ऽ	कि	ऽ	चि	ट	ऽ	ड़ा	ऽ	तू	ऽ

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

है कि चाची ने डोरी चढ़ा कर भ्याई मां की पूजा की थी। मां फिर पूछती है कि तुम में हरयावल और सौन्दर्य कैसे आया तो बेटा कहता है कि मामी व मासी ने हरी दूब व फूल चढ़ाए थे, भ्याई मां को। कहने का अभिप्राय यह है कि मांगलिक धागा, डोरी, फूल-दूब व अक्षत से भ्याई माता की पूजा-अर्चना करने का विधान है। सभी सम्बन्धियों को इस पूजा से जोड़ कर परिवार के स्नेह को दर्शाया गया है।

70. तू गोकले दी राणी

अंगणे मेरे चमेली दा बूटा अंगण लेआ है छाई ए
माइया जसोदा बेटड़े जाए मख्खण खाद्दा चुराई ए

हथ्यड़ू भी बन्ने माए पल्लड़ू भी बन्ने छमकियां छमकाया ए
मैं नहीं खाद्दा मेरिए माए खाई गेआ बड्डा भाइ ए

हथ्यड़ू भी खोले माइया पल्लड़ू भी खोले भीड़ी झम्बी गले़ लाया ए
तूं जुग जिआं बेटा लख बरेसां होएआं गढ़ मथुरा दा राजा ए

झूठ गलांदे गोप-ग्वाले़ सच्ची तेरे लाड़ले दी बाणी ए
तू जुग जिआं माए लख बरेसां होएआं तू गोकले दी राणी ए

भावार्थ : अधिकांश लोकगीत विभिन्न पेड़-पौधों के नाम से आरम्भ होते हैं। पर्यावरण के प्रति चिन्ता की आवश्यकता तब नहीं थी पर स्नेह ऐसा अटूट था कि वह आज भी यदि बना रहता तो चिन्ताग्रस्त नहीं होना पड़ता। आंगन में चमेली का बूटा है जिसने अपनी हरी-हरी शाखाओं से सारे आंगन को छा लिया अर्थात अपनी छांव के प्रभाव क्षेत्र में ले लिया है। मां जसोदा ने दो बेटों को जन्म दिया है। दोनों बड़े नटखट हैं। उन्होंने मथुरा की गोपियों का माखन चुरा लिया है। शिकायत आने पर मां यशोदा कन्हाई के हाथ-पांव बांध कर पेड़ की हरी लकड़ी से उनकी पिटाई करती हैं। कन्हाई कहते हैं कि माखन तो बड़े भइया बलराम ने खाया है। तो मां हाथ-पांव खोल कर उन्हें गले से लगा लेती हैं और आशीर्वाद देती हैं कि तुम युगों-युगों, लाख बरस तक जिओ। मथुरा के किले के

स्वर लिपी :-

		0				0	
-	नी॒सा	सा	ग॒रे	रे	-	सा	-
ऽ	अंऽ	ग	ऽणे	मे	ऽ	रे	ऽ
-	नी॒-	नी॒प़	प़	सा	-	नी॒	-
ऽ	चमे	लीऽ	दा	बू	ऽ	टा	ऽ
-	नी॒सा	सा	ग॒रे	रे	--	सा	नी॒
ऽ	अंऽ	ग	ऽण	ले	ऽ	आ	है
नी॒सा	सारे	रे	सानी॒	सा	-	-	-
छाऽ	ईऽ	ऽ	ऽऽ	ए	ऽ	ऽ	ऽ

गीत की अन्य पंक्तियां भी इसी प्रकार गाई जाएंगी।

राजा बनो। कृष्ण प्रसन्न हो कर कहते हैं कि गोप ग्वाले झूठे हैं। मैं ही सच्च कहता हूं।'मां तुम लाख बरस जिओ। तुम गोकुल की रानी हो। कन्हाई का नटखटपन हर मां का अभीष्ट है।

71. कौण लेयाए चोलू-टोपू

कौण ल्याया चोलू टोपू कौन ल्याया छुण-छुणू,
खेल मेरेया बालका रंगीन तेरा छुण-छुणू।
अम्मा ले आई चोलू टोपू बावा ले आए छुणू-छुणू,
खेल मेरेया बालका रंगीन तेरा छुण-छुणू।
दादी ले आई चोलू टोपू दादा ले आए छुण-छुणू,
खेल मेरेया बालका रंगीन तेरा छुण-छुणू।
चाची ले आई चोलू टोपू चाचा ले आए छुण-छुणू,
खेल मेरेया बालका रंगीन तेरा छुण-छुणू।
बुआ ले आई चोलू टोपू बुआई ले आए छुण-छुणू,
खेल मेरेया बालका रंगीन तेरा छुण-छुणू।

भावार्थ : घर में शिशु ने जन्म लिया तो मात्र मां व पिता ही नहीं उसके सभी सम्बन्धी उसके प्रति प्रेम दर्शाते हैं। स्नेह प्रतीक के रूप में बच्चे के लिए वस्त्र लाते हैं तथा उसे बहलाने के लिए झुनझुना भी लाते हैं। मां सभी का परिचय बच्चे से करवाती है। कहती है कि कौन मेरे बालक के लिए कुर्ता तथा टोपी लाया है और कौन झुनझुना लाया है। स्वयं ही उत्तर देती है कि दादा कुर्ता तथा टोपी लाए हैं और दादी झुनझुना लाई हैं। फिर बच्चे को सम्बोधित करते हुए कहती है कि मेरे बच्चे तू खेल, तेरा खिलौना अत्यन्त सुहावना व रंगीन है। दादा व दादी के बाद वह चाचा तथा चाची का नाम लेती है कि वे भी उपहार लाए हैं। इसी तरह बुआ आदि को भी याद करती है। उपहार देने-लेने की प्रथा स्नेह सूत्रों को प्रगाढ़ करती हैं।

स्वर लिपी :-

		0				0	
ध़-	-ध़	सा	रे	म	म	म	म
कौऽ	णल्	या	या	चो	लू	टो	पू
ग-	-ग	रे	ग	रे	रे	सा	-
कौऽ	णले	या	या	छु	ण	छु	णू
ध़-	सा	रे-	ग॒	रे-	रे	सा	-
खेऽ	ल	मेर	या	बाऽ	ल	का	रं
सा-	नी॒	ध़	प	ध़	सा	सा	-
गीऽ	न	ते	रा	छु	ण	छु	णू
ध़-	-ध़	सा	-रे	म	म	म	म
अऽ	म्मा	ले	आई	चो	लू	टो	पू
ग-	-ग	रे-	-ग	रे	रे	सा	-
बाऽ	ऽवा	लेऽ	आए	छु	णू	छु	णू
ध़-	सा	रे-	ग॒	रे-	रे	सा	-
खेऽ	ल	मेर	या	वाऽ	ल	का	रं
सा-	नी॒	ध़	प	ध़	सा	सा	-
गीऽ	न	ते	रा	छु	ण	छु	णू

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

72. अज स्हाढ़े लिप्पणा परोलणा

अज्ज स्हाढ़े लिप्पणा परोलणा, कल स्हाढ़े बजणी बधाई सइयो
मेरी गोत्रण, चण्डले दी ताई, चण्डे जम्मे आयी,
बदले वाली कि बदला में लेई लवांगी।

सस्सू जो भेज्जां मैं परोह्त कि नणदा जो नाई ए,
जठाणियां जो भेज्जां केहड़ा नाई सइयो,
मेरी गोत्रण, चण्डले दी ताई, चण्डे जम्मे आयी।
बदले वाली कि बदला में लेई लवांगी।

सस्सू जो डावां मैं पीढ़ी कि नणदा जो पटड़ी ए,
जठाणिया जो पलंग डलावां सइयो,
मेरी गोत्रण, चण्डले दी ताई, चण्डे जम्मे आयी।
बदले वाली कि बदला में लेई लवांगी।

सस्सू जो भेज्जा मैं अज्ज नणाना जो संझा ए,
जठाणी रहे दिन चार सइयो,
मेरी गोत्रण, चण्डले दी ताई, चण्डे जम्मे आयी।
बदले वाली कि बदला में लेई लवांगी।

भावार्थ : प्रस्तुत गीत में शिशु जन्म के अवसर पर बधाई-उत्सव का आकार-प्रकार विश्लेषित हुआ है। नवजात की मां कह रही है कि आज घर की लिपाई-पुताई हो रही है। कल यहां वधावे (वधाई-गीत) गाए जाएंगें। मेरे अपने गोत्र की महिला अर्थात मेरे पुत्र की ताई बच्चे के जन्म के बाद आ रही है। उसके इस व्यवहार का बदला तो ले ही लूंगी। सास को पुरोहित तथा ननद को नाई के हाथ आमंत्रण भेज रही हूं। जेठानी को आमंत्रित करने हेतु किसे भेजूं? सास को आसन के रूप में पीढ़ी तथा ननद को पटड़ी देती हूं। जेठानी के लिए पलंग डलवाऊंगी। सास को मैं आज ही विदा कर दूंगी। ननद को कल भेजूंगी परन्तु जेठानी दो-चार दिन रह जाए। इस गीत में जेठानी से ही सर्वाधिक नाराज़गी जताई गई है परन्तु उसी के प्रति स्नेह भी दर्शाया है। क्योंकि दोनों समान गोत्र की हैं और दोनों को लम्बे समय तक साथ-साथ रहना है।

स्वर लिपी :-

			2				0			3			
सा	सा	–	सा	–	सा	–	रे	म	–	प	–	म	–
अ	ज्ज	ऽ	स्हा	ऽ	ढ़े	ऽ	लि	प्प	ऽ	णा	ऽ	प	ऽ
प	–	–	–	–	म	–	पम	गरे	–	–	–	–	–
रो	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ल्	ऽ	णाऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
म	म	–	रे	–	सा	–	ऩि	सा	–	रे	–	रे	म
क	ल	ऽ	स्हा	ऽ	ढ़े	ऽ	ब	ज	ऽ	णी	ऽ	ब	ऽ
म	–	ग	रे	–	सा	ऩि	ऩि	सा	–	रे	–	रे	म
धा	ऽ	ऽ	ई	ऽ	स	इ	यो	ऽ	ऽ	मे	ऽ	री	ऽ
म	–	ग	रे	–	सा	ऩि	ऩि	सा	–	रे	–	रे	म
गो	ऽ	ऽ	त्र	ऽ	ण	ऽ	चण	ड	ऽ	ले	ऽ	दी	ऽ
म	–	ग	रे	–	सा	ऩि	ऩि	–	सा	रे	–	रे	म
ता	ऽ	ऽ	ई	ऽ	च	ण	डे	ऽ	ऽ	ज	ऽ	म्मे	ऽ
ग	–	रे	सा	–	सा	ऩि	ऩि	सा	–	रे	–	रे	म
आ	ऽ	ऽ	यी	ऽ	ऽ	ऽ	ब	द	ऽ	ले	ऽ	ऽ	ऽ
म	–	ग	रे	–	सा	ऩि	ऩि	सा	–	रे	–	रे	म
वा	ऽ	ऽ	ली	ऽ	कि	ऽ	ब	द	ऽ	ला	ऽ	मैं	ऽ
म	–	ग	रे	–	रे	सा	सा	–	–	–	–	–	–
लै	ई	ऽ	ल	ऽ	वां	ऽ	गी	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

73. संझकिया बेला माये

संझकिया बेला माये ढलदिया बेला
सस बोलै बच्छड़े भूखे नूएं गाई दूईआ

हत्थे लैंदी लोटा माये, कच्छ लैंदी बच्छड़ा
पेई जान्दी बखिया दे भार,
माये, जित्थु कोई नी है अपणा
संझकिया बेला माये ढलदिया बेला

संझकिया बेला माये ढलदिया बेला
जठाणी बोलै बच्छड़े भूखे भैणे गाई दूई आ
हत्थे लैदी लोटा माये, कच्छ लैंदी वच्छड़ा
पेई जांदी बखिया दे भार
माये नी जिथ्थु कोई नी है अपणा
संझकियाँ बेला माए ढलदिया बेला

संझकिया बेला माये ढलदिया बेला
दराणी बोलै बच्छड़े भूखे भैणे गाई दूई आ
हत्थे लैदी लोटा माये, कच्छ लैंदी वच्छड़ा
पेई जांदी बखिया दे भार
माये नी जिथ्थु कोई नी है अपणा
संझकियाँ बेला माये ढलदिया बेला

भेजी दिगीं घोड़ा धीये भेजी दिगीं डोला
आई जायाँ सुए-सुए (लाल) डोले
धीये इथ्थु सब कोई है अपणा
संझकिया बेला माए ढलदिया बेला

भावार्थ : इस गीत में गर्भावस्था में घर के काम-काज करते हुए आई असुविधा व कठिनाई का चित्रण है। मां बनने जा रही युवती मां से सम्बोधित है। (यहां भी फैंटेसी अर्थात अति कल्पना का प्रयोग हुआ है) संध्या समय, ढलती हुई बेला में सास कहती है कि बहू जा, गाय से दूध ले आ। बच्छड़े भूखे होंगे। मैं हाथ

स्वर लिपी :-

			2				0			3			
सा	रे	सा	सा	–	नि़	–	सा	–	–	रे	सा	रे	म
सं	झ	ऽ	कि	ऽ	या	ऽ	बे	ला	ऽ	मा	ऽ	ये	ऽ
म	म	रे	सा	–	–	सा	रे	–	–	सा	–	–	–
ढ	ल़	ऽ	दि	ऽ	या	ऽ	बे	ऽ	ऽ	ला	ऽ	ऽ	ऽ
म	–	–	म	–	म	–	ग	–	–	रे	रे	सा	–
स	ऽ	ऽ	स	ऽ	बो	ऽ	लै	ऽ	ऽ	ब	च्छ	ड़े	ऽ
सा	रे	सा	सा	–	नि़	–	सा	–	–	रे	सा	रे	म
भू	ऽ	ऽ	खे	ऽ	नू	ऽ	एं	ऽ	ऽ	गा	ऽ	ई	ऽ
रे	–	–	सा	–	–	–							
दू	ई	ऽ	आ	ऽ	ऽ	ऽ							

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

में गड़वा और कांख तले बच्छड़ा लेकर चलते हुए पसलियों के भार गिर जाती हूं। ऐसी जगह जहां मेरा कोई भी अपना नहीं है। यही आदेश उसे क्रमशः जेठानी व देवरानी से भी मिलता है। ससुराल बैठे ही उसे अपने मायके से मां का आश्वासन मिल जाता है कि मैं तेरे लिए घोड़ा तथा डोला, भिजवाती हूं। तू लाल-लाल झमने (डोली पर पड़ा आवरण) वाले डोले में बैठ कर चली आ। यहां सभी तेरे अपने हैं। मायके के प्रति स्नेह विश्वास व आश्वस्त भाव अधिकांश गीतों में व्यक्त हुआ है।

74. फुल फुल्लेया माये

फुल फुल्लेया माए, बीणे दिया क्यारिया
अज बण्डेआ माए, बावे दिया खटिया

जन्दे लगेओ धिए कुण्डे अड़ेओ बेटी
बावे दिया हटिया
जन्दे खोड़ी देणे कुण्डे तोड़ी देणे
बावे दिया हटिया
फुल फुल्लेया माए, बीणे दिया क्यारिया
अज बण्डेआ ताई ताए दिया खटिया

जन्दे लगेओ धिए कुण्डे अड़ेयो धिए
ताए दिया हटिया
जन्दे खोड़ी देणे कुण्डे तोड़ी देणे
ताए दिया हटिया
फुल फुल्लेया माए, बीणे दिया क्यारिया

अज बण्डेआ चाची, चाचे दिया खटिया
जन्दे लगेओ धिए कुण्डे अड़ेओ बेटी
बावे दिया हटिया
फुल फुल्लेया माए, बीणे दिया क्यारिया

भावार्थ : इस गीत में शिशु जन्म का समाचार प्रतीकात्मक शैली में दिया जा रहा है। नवजात की मां अपनी मां से कहती है कि बीण (धनिया) की क्यारी में फूल खिला है। अर्थात पुत्र ने जन्म लिया है। आज इस खुशी के अवसर पर तुम पिता की कमाई बांटो। मां बहाना बनाती है कि बेटी पिता की दुकान में ताला लगा हुआ है। कुण्डों (चिटकनियों) से दुकान बन्द है। बेटी अनुरोध करती है कि जन्दे (ताले) खोल दो और चिटकनियां तोड़ दो। वह यही बात क्रमशः ताई तथा चाची आदि सम्बन्धियों से भी कहती है। ताई तथा चाची उपरोक्त उत्तर दोहराती हैं।

स्वर लिपी :-

			2				0			3			
										ध़	–	सा	ऽ
										फु	ऽ	ल	ऽ
रे	ग	रे	सा	–	रे	–	ग	–	–	रे	–	रे	–
फु	ल्ले	ऽ	या	ऽ	मा	ऽ	ये	ऽ	ऽ	वी	ऽ	णे	ऽ
ध़	ध़	–	रे	–	रे	–	सा	–	–	ध़	–	सा	–
दि	या	ऽ	क	या	रि	ऽ	या	ऽ	ऽ	अ	ऽ	ज	ऽ
रे	ग	रे	सा	–	रे	–	ग	–	–	रे	–	रे	–
बं	डे	ऽ	या	ऽ	मा	ऽ	ये	ऽ	ऽ	बा	ऽ	वे	ऽ
ध़	ध़	–	रे	–	रे	–	सा	–	–				
दि	या	ऽ	ख	ऽ	टि	ऽ	या	ऽ	ऽ				

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

75. बाल्अ खेलदा ऐ निम्बुए दे हेठ

बाल्अ खेलदा ऐ निम्बुए दे हेठ, कच्चा निंबू कुन्ही तोड़ेया
इक तोड़ेया ऐ सीसे दा ग्लास, दूजा मेरा दुध डोल्ह्या
माता मिली जान्दे सीसे दे ग्लास
दूध पुत्त नहीं जी मिलदे
बाल्अ खेलदा ऐ निंबुए ...।

बाल्अ खेलदा ऐ निम्बुए दे हेठ, कच्चा निंबू कुन्ही तोड़ेया
इक तोड़ेया सीसे दा ग्लास, दूजा मेरा दुध डोल्ह्या
दादी मिली जान्दे सीसे दे गलास
दूध पोते नहीं जी मिलदे
बाल्अ खेलदा ऐ निंबुए ...।

बाल्अ खेलदा ऐ निम्बुए दे हेठ, कच्चा निंबू कुन्ही तोड़ेया
इक तोड़ेया सीसे दा ग्लास, दूजा मेरा दुध डोल्ह्या
चाची मिली जान्दे सीसे दे गलास
दूध भतीजे नहीं जी मिलदे
बाल्अ खेलदा ऐ निंबुए ...।

भावार्थ : इस गीत में शिशु द्वारा की जा रही शरारतों का चित्रण है। मां, दादी, चाची आदि द्वारा शिकायत की गई है और बच्चा उत्तर दे रहा है। उसका उत्तर भावनात्मक है अर्थात् वह अपनी मां, दादी या चाची को भावुक बना कर अपने प्रति क्षमाशील बनाने की चेष्टा कर रहा है। बालक नीम्बू के पेड़ तले खेल रहा है। कच्चा नीम्बू किसने तोड़ा ? फिर मां कहती है कि एक तो मेरा शीशे का गिलास तोड़ दिया दूसरा दूध बिखरा दिया। बेटा बहुत संवेदनशील होकर कहता है कि मां गिलास मिल जाते हैं। पुत्र व दूध नहीं मिलते। गाँव में दूध को भी पुत्र जितनी ही महत्ता दी जाती है। प्रच्चलित कहावत है कि 'दुध पुत्त नीं मिलदे', इसी का प्रयोग पुत्र द्वारा किया गया है। वह तो मात्र अपने बचाव में ही इसका इस्तेमाल कर रहा है । पर एक जीवन मूल्य यहां उद्घाटित हुआ है।

स्वर लिपी :-

		0				0	
		सा–	नि̱	सा–	–ग	ग–	ग
		वाऽ	लूअ	खेऽ	ऽल	दाऽ	ऐ
ग	म	प	ध	प	–	–	म
निं	बु	ए	दे	हे	ऽ	ऽ	ठ
रे	रे	प	म	ग̇	ग	रे	–
क	चा	नि̱	बु	कु	न्ही	तो	ऽ
सा	–	सा	नि	सा	–ग	ग	ग
ड़े	या	इ	क	तो	ऽड़	या	ऽ
ग	म	प	ध	प	–	–	म
सी	से	दा	ग	ला	ऽ	ऽ	स
रे	रे	प	म	ग	ग	रे	–
दू	जा	मे	रा	दु	ध	डो	ऽ
सा	–						
ले़	या						

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

76. अज जम्मेया कल गेया पताल

अज जम्मेया कल गेया पताल़, लड़ेआ नागाँ नाल़ जी
नागणियां तां रोज रूआइयां, नागाँ दे पाई ले हार जी...

कलिए नागे दे भारे बन्ने
आणी सट्टे दरबार जी
नागणियां तां रोज रूआइयां
नागाँ दे पाई ले हार जी
अज जम्मेया कल गेया पताल़, लड़ेआ नागाँ नाल़ जी

जां जम्मेया जां दीवक बल़ेआ
लोई होइयाँ संसार जी
नागणियां तां रोज रूआइयां
नागाँ दे पाई ले हार जी
अज जम्मेया कल गेया पताल़, लड़ेआ नागाँ नाल़ जी

काले महीने दियाँ न्हेरिया रातीं
जम्मेया कृष्ण मुरार जी
नागणियां तां रोज रूआइयां
नागाँ दे पाई ले हार जी
अज जम्मेया कल गेया पताल़, लड़ेआ नागाँ नाल़ जी

भावार्थ : इस गीत में कृष्ण की बाल लीला के प्रसिद्ध प्रसंग कालिया नाग मर्दन का वर्णन है। आज ही जन्मे माधव अर्थात छोटी वय में ही, पाताल पहुंच गए। वहां उन्होंने कालिया नाग से युद्ध किया। नागिनियों को रोने पर विवश किया और नागों को कंठ में हारों की तरह धारण कर लिया। यही नहीं, उन्होंने क्षत-विक्षत विशालकाय नाग को लकड़ी के गट्ठर की तरह बांध कर गोप-ग्वालों के दरबार में ला पटका। पहले अन्तरे के बाद कृष्ण जन्म पर धर्म व ज्ञान के आलोक के चहुं ओर प्रकाशित होने का वर्णन है। काले मास

स्वर लिपी :-

		0				0	
साध्	ध्सा	सा-	सारे	रेप	-प	म-	-म
अज	जम	मेया	कल	गेया	ऽप	ताऽ	ऽल्
ग-	-रे	सा-	ग-	रे-	-रे	ग-	रेसा
लड़े	ऽआ	नाऽ	गाँऽ	नाऽ	ऽल्	जीऽ	ऽऽ
साध्	ध्सा	सा-	सारे	रेप	-प	म-	-म
नाऽ	गणि	यांऽ	तांऽ	रोऽ	ऽज	रूआ	इयाँ
ग-	-रे	सा-	ग-	रे-	-रे	ग-	रेसा
नाऽ	गाँदे	पाई	लेऽ	हाऽ	ऽर	जीऽ	ऽऽ

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

की घनी-अंधेरी रात में जन्मे कृष्ण इस विश्व के लिए तेजस्वी सूर्य हो कर आए हैं। स्याह रात में कृष्ण जन्म तथा उनके अवतार ग्रहण के शुभअवसर पर दीप प्रज्जवल का वर्णन भिन्न धुनों में विभिन्न मुखड़ों के अन्तर्गत हुआ है।

77. पट नरमे देआ खिनुआँ

पट नरमे देआ खिन्नुआँ किन्ही सै देई भेज्या
नानी मैहलां दी राणी ओन्ही देई भेजेया
बालक खेलै चौखण्डिया नणदा छुपाई रखेया
देई दे नणाने बालक कजो रूसया
सारा शहर मैं हण्डेया खिन्नू सैह् नहीं मिलेया।

पट नरमे देआ खिन्नुआँ किन्ही सै देई भेजेया
मामी मैहलां दी राणी ओन्ही देई भेज्या
बालक खेलै चौखण्डिया जठाणिया छुपाई रखेया
देई दे जठाणिए बालक कजो रूस्या
सारा शहर मैं हण्डेया खिन्नू सैह् नहीं मिलेया।

पट नरमे देआ खिन्नुआँ किन्ही सै देई भेज्या
मासी मैहलां दी राणी ओन्ही देई भेजया
बालक खेले चौखण्डिया दराणियाँ छुपाई रखेया
देई दे दराणिए बालक कजो रूसया
सारा शहर मैं हण्डेया खिन्नू सैह् नहीं मिलेया।

भावार्थ : जन्मगीतों में शिशु की मां के मुख से अपने मायके के किसी न किसी प्रसंग का वर्णन मिल जाता है। वह सदैव मां-बाप के घर तथा ससुराल के घर और घर के सदस्यों का तुलनात्मक चित्रण करती है। इस चित्रण में मायका स्नेह-सम्मान व आशीर्वाद के प्रतीक रूप में सामने आता है। इस गीत में बच्चे को नानी से नर्म कपड़े से बने गेन्द के उपहार स्वरूप मिलने की बात है। साथ ही चौखण्डी अर्थात घर से ज़रा दूर बने अतिथिगृह में खेलने गए बालक के गेन्द के खो जाने का भी जिक्र है। युवती अपनी ननद पर आरोप लगाती है कि उसने गेन्द छुपा दिया है। आग्रह करती है कि गेन्द लौटा दे क्योंकि इसके लिए बेटा रूठ गया है। आगे क्रमशः महलों की रानी मामी तथा मासी की ओर से गेन्द

78. मेरेया बाल्या श्यामा

मेरेया बाल्या श्यामा बाहर खेलण मत जायाँ
अंगुली ते पकड़ी माता हण्डणा सखाया
अंगण मेरा बथेरा मेरेया बाल्या श्यामा
बाहर खेलण मत जायाँ ...।

काले महीने दियां न्हेरिया रातीं
जन्मेया कृष्ण मुरारी, मेरेया बाल्या श्यामा
बाहर खेलण मत जायाँ ...।

जां जम्मेया जां दीवक वलेया
चौं चक होई गेईयाँ लोई, मेरेया बाल्या श्यामा
बाहर खेलण मत जायाँ ...।

घोल बताशा मैं गुण सक्कर दिनीआं
सोने दी ऐ कटोरी, मेरेया बाल्या श्यामा
बाहर खेलण मत जायाँ...।

चनण कटी, मैं पंगूड़ा बणानी
रेशमी डोरा न लाईयां, मेरेया बाल्या श्यामा
बाहर खेलण मत जायाँ ...।

भावार्थ : इस गीत में भी प्रच्चलित कृष्ण जन्म गाथा की ही पुनरावृत्ति हुई है। मुखड़ा भिन्न है। मां कन्हाई से कह रही है कि तुम बाहर खेलने मत जाओ। अभी-अभी अंगुली पकड़ कर तुम्हें चलना सिखाया है। मेरा आंगन पर्याप्त बड़ा है। यहीं पर खेलो। काली अंधेरी रातों में कान्हा ने जन्म लिया। उसके जन्म पर चारों ओर आलोक फैल गया। प्रसन्नता में मैं बताशा तोड़ कर बांटती हूं। गुड़ शक्कर भी देती हूं। चन्दन का पेड़ कटवा कर बालक श्याम के लिए झूला भी बनवाती हूं। मां की ममता बच्चे के प्रति उसे अति संवेदनशील बना देती है। वह पल-पल उसकी सकुशलता को लेकर चिन्तित रहती है। यही मनोविज्ञान इस गीत के केन्द्र में है।

स्वर लिपी :-

		0				0	
		–	प़प़	प़ध़	ध़सा	सा–	रे
			मेरे	याबा	ल्या	श्या	मा
रे	ग–	प–	रेसा	सा–	–सा	ध़–	–सा
ऽ	बाह	रऽ	खेऽ	लऽ	ऽण	मऽ	ऽत
रेसा	प़प़	ध़–	प़–	ध़ध़	सा	सा–	–सा
जायाँ	अंगु	लीऽ	तेऽ	पक	ड़ी	माऽ	ऽता
सा	रेग	ग–	गरे	ग	–	रे	सा
ऽ	हंड	णाऽ	सऽ	खा	ऽ	या	ऽ
सा	रेग	गरे	ग	प–	ग–	रे	सा
ऽ	अंऽ	गऽ	ण	मेऽ	राऽ	ऽ	ब
ग	रे	–	प़प़	प़ध़	ध़सा	सा–	–रे
थे	रा	ऽ	मेरे	वाऽ	ल्या	श्या	ऽमा

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

80. बिन्नुआं दित्ता रुढ़ाई

काले़ महीने दियां न्हेरियां रातीं, जन्मेया कृष्ण कन्हाई,
बांह मरोड़ी मेरी मटकी फोड़ी बिनुआं दित्ता रूढ़ाई।

बांईं जां जांदी मैं भरने जो पाणी, मटकी फोड़े कन्हाई,
बांह मरोड़ी मेरी मटकी फोड़ी बिनुआं दित्ता रूढ़ाई।

हत्थड़ू भी बन्ने माए पैरू भी बन्ने, छुमकणियां छमकाई,
बांह मरोड़ी मेरी मटकी फोड़ी बिनुआं दित्ता रूढ़ाई।

देवकिया जाया मैं पुतर पराया, दे मेरी कम्बली़ काली़,
बांह मरोड़ी मेरी मटकी फोड़ी बिनुआं दित्ता रूढ़ाई।

हत्थड़ू तां पैरू खोली मनाया, गले़ लाया कन्हाई,
बांह मरोड़ी मेरी मटकी फोड़ी बिनुआं दित्ता रूढ़ाई।

भावार्थ – अधिकांश जन्मगीत, काले माह की अंधेरी रातों में कृष्ण जन्म की सुघोषणा से आरम्भ होते हैं। यद्यपि अन्तरे भिन्न-भिन्न होते हैं। इस गीत में भी यही है। गोपी शिकायत करती है कि मैं बावड़ी में पानी भरने के लिए जाती हूं तो कन्हाई मेरी मटकी फोड़ देता है। यशोदा क्रोधित होकर उसके हाथ-पांव बांध देती है। फिर वह लाठी से उसे डराती है। कन्हाई मां की भावनाओं को आन्दोलित करते हुए रूठ कर कहता है कि मैं देवकी पुत्र हूं। तुम्हारे लिए पराया

81. दूर लहौरां ते नणद जे आई

"दूर लहौरों नणद जे आई मन रीझ करो,
क्या-क्या बंडदी आई-मन रीझ करो ।
दाड़ दाखां नौरंग केले, घर-घर बंडदी आई,
घर-घर बंडदी बधाई-मन रीझ करो ।

इक नी भाबो परोल घुआड़ी, दूईए बैठकू दित्ता नी,
तीजिए भाबो पैर धुआए, चौथिया भाबो भोजन दित्ता ।
पंजियां भाबो दे मन भाई -मन रीझ करो ।

सूट तां बगे लैह नी नणाने, गीगे दी है बधाई,
गीगे जम्मै आई नी मन रीझ करो ।

सूट तां बगिए घर रख भावो, मैं लोहिये कारण आई,
मैं लोहिया लैंणा बधाई-नी मन रीझ करो ।

लोहिया सै मेरे मापेयां दित्ता नी मन रीझ करो,
ओह् तां दित्ता नी जांदा- नी मन रीझ करो ।

मार मटाका घर गेई नणद- नी मन रीझ करो,
घरै जे गेई सस्म पुछणा लग्गी, क्या मिली गीगे बधाई ।
माई तां म्हारा परदेसां तुरेया, भाबो धीवड़ जाई,
भाबो-बगानड़ी-जाई- नी मन रीझ करो।

भावार्थ : भाई के घर बेटा पैदा होने पर, बहन का अपनी ससुराल से, मायके आने का वर्णन अक्सर जन्मगीतों में हुआ है। वह अधिकारपूर्वक अपने मायके आती है और बधाई स्वरूप कोई उपहार मांगती है। भाभी यह कह कर देने से

स्वर लिपी :-

		2			0		3		
ऩिसा	सारे	रे	सा	रेऩि	ऩिऩि	ऩिऩि	ऩिसा	सारे	ऩि
दूऽ	रेल	हौ	रां	ऽ	नण	दजे	आऽ	ईऽ	ऽ
ऩिसा	सारे	रे–	सा	रेऩि	ऩि	ऩि	ऩिसा	सारे	ऩि
क्या	क्या	बण्ड	दी	ऽ	आ	ई	सुण	तूंऽ	ऽ

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी। यह एक मात्र गीत झप ताल में निबद्ध है।

इन्कार करती है कि यह वस्तु उसे, उसके मां–बाबा से मिली है। इस गीत में भी लाहौर शहर से ननद मन में रीझ लिए, रास्ते भर बधाइयां बांटती हुई आई है। किशमिश, दाड़िम तथा विभिन्न प्रकार के फल आदि। एक भाभी ने आते ही मुख्य द्वार खोला, दूसरी ने बैठने के लिए आसन दिया, तीसरी भाभी ने पाँव धुलाए और चौथी ने भोजन परोसा। पुत्र जन्म पर बधाई के रूप में भाभी, बगा (स्त्री–पुरूष के पहनने योग्य वस्त्र) देने की बात कहती है। परन्तु ननद तो लोहिया ही चाहती है। नहीं देने पर नाराज़ होकर लौट जाती है। सास से बहाना बनाती है कि भाभी ने बेटी को जन्म दिया। फिर उदास होकर कहती है कि भाभी मेरी मां जाई नहीं है। इसलिए मुझे पर्याप्त सम्मान नहीं दिया। हास–परिहास के बहाने से बेटी का अपने मां–बाप के घर से दूर होते जाने का दर्द इस गीत में व्यंजित होता है।

82. कांगड़े दे उच्चे नी पहाड़

कांगड़े दे उच्चे नी पहाड़, बालक मेरा खेलै गडरिया,
ग्वाल़ेआं बिच गोपाल, बालक मेरा खेलै गडरिया,।

खिन्नूं तां बालक मेरा खेलणे जो मंगदा,
होर क्या मंगै मेरा लाल, बालक मेरा खेलै गडरिया।

बंसी तां बालक मेरा बज्जणे जो मंगदा,
होर क्या मंगै मेरा लाल, बालक मेरा खेलै गडरिया।

मक्खण तां बालक मेरा खाणे जो मंगदा,
होर क्या मंगै मेरा लाल, बालक मेरा खेलै गडरिया।

राधका राणी बालक साथे जो मंगदा,
होर क्या मंगै मेरा लाल, बालक मेरा खेलै गडरिया।

पींगा तां बालक मेरा झूटणे जां मंगदा,
होर क्या मंगै मेरा लाल, बालक मेरा खेलै गडरिया।

भावार्थ – कांगड़ा जनपद का यह गीत, कांगड़ा की पर्वतीय सुन्दरता से आरंभ होता है। पहाड़ पर बालक ''गडरिया-गडरिया'' खेल, खेल रहा है। अर्थात भेड़ बकरियां चराने वालों का अभिनय कर रहा है। गोप-ग्वालों के मध्य वह स्वयं को कृष्ण के रूप में परिकल्पित कर रहा है। मां कहती है कि मेरा बच्चा खेलने के लिए गेंद मांग रहा है। अति प्रसन्न होकर फिर स्वयं से ही प्रश्न कर रही है कि और क्या मांग रहा है मेरा लाल। बजाने के लिए बांसुरी, खाने के लिए मक्खन, झूलने के लिए पींग मांगता है। बहुत कोमल व संवेदनशीलता से कहती है कि साथ के लिए 'राधा' मांगता है। मां अपने शिशु को माधव रूप में देखते हुए उसी की रूचि के अनुसार इच्छाएं बता रही हैं।

		0				0	
–	सा–	ग–	ग–	ग–	गरे–	ग	पम
ऽ	काँग	ड़ेऽ	देऽ	उऽ	च्चे	नी	पऽ
ग	ग	ग	सा	सा–	रेरे–	सा	नी
हा	ऽ	ऽ	ड़	वाऽ	लक	मे	रा
–	सा	रे	रे	ग	रे	सा	–
ऽ	खे	लै	ग	ड	रि	या	ऽ
–	सा	ग	ग	ग–	ग–	प	प
ऽ	खिं	न्नू	तां	बाऽ	लक	मे	रा
	म–	ग	रे	ग	म	ग	–
ऽ	खेल	णे	जो	मं	ग	दा	ऽ
सा	सा	ग	ग–	ग	गरे	ग	प
ऽ	हो	र	क्या	मं	गैऽ	मे	रा
ग	–	–	सा	सा–	रेरे	सा–	नी–
ला	ऽ	ऽ	ल	वाऽ	लक	मेऽ	राऽ
–	सा	रे	रे	ग	रे	सा	–
ऽ	खे	ले	ग	ड	रि	या	ऽ

गीत की अन्य पंक्तियां भी इसी प्रकार गाई जाएंगी।

रेरे	सानि़	ध़	प़	ध़सा	सा	गरे	गसा
राऽ	रीऽ	ऽ	नी	सुणे	यां	बैह	णेऽ

83. मदन मोहन जी दी प्यारी

मदन मोहन जी दी प्यारी,
नी सुणेयां बैह्णे बंसरिए।

भादों महीने दियां न्हेरियां राती,
जन्मेया कृष्णा मुरारी नी सुणेया बैह्णे बंसरिए।

जा जमेया जां दीपक बल्ेया,
चोंई चक होई रहियां लोई नी सुणेया बैह्णे बंसरिए।

घोल् बतासा घड़ोत मैं दिन्दी आं,
सोयने दी ऐ कटोरी नी सुणेया बैह्णे बंसरिए।

चनण कटी मैं पालणा बणादी आं,
डोरां लाइयां रेशमी नी सुणेया बैह्णे बंसरिए।

औन्दे ता जान्दे नन्ददेव झुटांदे,
जसोदा उतारैं नजरीं नी सुणेया बैह्णे बंसरिए।

भावार्थ : इस गीत में भी कृष्ण-जन्म गाथा का ही चित्रण है। परन्तु इसके सम्बन्ध में विशेष बात यह है कि यह गीत कन्हाई की प्रिय बासुंरी को सम्बोधित है। मदनमोहन की प्रिय बासुंरी, बहन सुन; भादों मास की अन्धेरी रात में कन्हैया ने जन्म लिया। उनके अवतरित होते ही चारों दिशाओं में प्रकाश फैल गया। सोने की कटोरी में बतासा घोल कर बच्चे को घड़ोत (प्रथम मीठा खाद्य) देती हूं। चन्दन का पेड़ कटवा कर बालक के लिए पालना बनवाती हूं तथा रेशमी डोरियां लगवाती हूं। जिसमें सोऐ बच्चे को आते-जाते बाबा नन्द झुटारे देते हैं और मां यशोदा उसकी नज़र उतारती हैं।

84. पिया सब फुल्ल-फुल्ले

पिया सब फुल्ल-फुल्ले, फुल्ले माली बाग, सिम्वले दा फुल नी फुल्लेया
गोरिये सिम्वले दा फुल्ल सै गैर गमानी, ना चढ़े दयो न देवतैं।

पिया न तुसाँ दे छट्टियां न पंजाप, मंदल किस घरैं बज्जेया।
गोरिये राजे दी नगरी बसे घणे लोक, क्या जाणे किस घरें बज्जेया।

पिया आवन नारां गावन गीत, ना सै तुहाड़ा लैंदियां,
पलक होया दिन प्रगास, नाई द्रुवा लेई आया
अजी किसदा तू नाई किसदा परोह्त किसदें द्रुवा लेई आया।

तेरा वो मैं नाई तेरा परोह्त, तेरैं मैं द्रुवा लेई आया,
कड्ड कटारा देई देआं जान, बालक मैंह ते छुपाया।
गोरिए तू मेरी नाजो चतर सुजान, बालक गोदा है तेरिया
खोलां पटारिया जंदरे भन्नां, घर-घर बंडदी बधाइयां।

अज मैं बालकें वालि़या पलंग डलवावां, दूईया जाणिया जो मंजली,
बालके वालि़या जो लेहफ बछावां, दूइया जाणियां जो खिंदड़ी।
बालके वालि़या जो सुंड खुआवां, दूइया जाणियां जो खिचड़ी।

भावार्थ : इस गीत में शिशु ने जन्म लिया है परन्तु पति अपनी पहली पत्नी से यह बात छुपा कर रखना चाहता है। लेकिन घर में बाजे भी बज रहे हैं पत्नी पूछती है - पिया, सब फूल खिल गये हैं किन्तु सिम्बल का फूल नहीं खिला। पति उत्तर देता है - गोरी सिम्बल का फूल अति साधारण होता है देवी-देवताओं को चढ़ाने योग्य नहीं माना जाता। (वास्तव में यह फूल खिलते ही हवा में बिखर जाता है) पत्नी पूछती है - पिया, आपके घर छटी (जन्म सम्बन्धी अनुष्ठान) या पंजाप (मुंडन संस्कार) नहीं है। फिर मन्दल (बाजा) किस घर बज रहा है। पति कहता है कि राजा की नगरी बड़ी विशाल है, क्या जानू कहां बज रहा है। इतने में सुबह हो गई और नाई बधाई देने को दूब लेकर आया। पत्नी सत्य को जान, नाराज होकर बोली - मैं कटार से अपनी जान ले लूंगी। आपने बच्चे की खबर मुझसे क्यों छुपाई। परन्तु बालक तो मां की गोद में ही था। वास्तव में पति की दूसरी पत्नी ने शिशु को जन्म दिया है। इस सच्चाई को पति इस

स्वर लिपी :-

			2				0			3			
										सा	–	रे	–
										पि	ऽ	या	ऽ
म	म	–	ग॒	–	रे	–	सा	–	–	ध़	–	सा	–
स	ब	ऽ	फु	ल्‌	ल	ऽ	फु	ऽ	ऽ	ले	ऽ	फु	ऽ
रे	–	म	रे	–	म	–	प	–	–	ध	–	–	–
ले	ऽ	ऽ	मा	ऽ	ली	ऽ	बा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ग
ध	ध	प	म	–	रे	–	सा	–	–	रे	–	म	–
सि	म्ब	ऽ	ले	ऽ	दा	ऽ	फु	ऽ	ऽ	ल	ऽ	ऽ	ऽ
म	–	–	ग॒	–	रे	–	सा	–	–	–	–	–	–
नी	ऽ	ऽ	फु	ऽ	ल्ले	ऽ	या	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

पत्नी से छुपाने की चेष्टा में था। नाई व पुरोहित द्वारा बधाई स्वरूप दूब लेकर आने पर सत्य सामने आ जाता है। पति इसी की गोद में शिशु को देते हुए बधाई देता है तो नारी सुलभ ममता से भर कर यही प्रसन्नतावश उपहार बांटने लगती है जो पहले नाराज़ थी। परन्तु संकेत रूप से यह गीत बहु पत्नी प्रथा की वजह से नारी को मिलते दंश व दु:ख को भी प्रकट कर देता है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :

1. **डा. गौतम शर्मा व्यथित** : काँगड़ी लोकगीत भाग-1
काँगड़ा शीला प्रकाशन-1973

2. **डा. गौतम शर्मा व्यथित** : काँगड़ा के लोकगीत साहित्यिक
विश्लेषण एवं मूल्यांकन-1984

3. **डा. गौतम शर्मा व्यथित** : झूमे धरती गाए लोक
प्रथम संस्करण, काँगड़ा कृष्णा
ब्रदर्स-1977

4. **डा. राजेन्द्र सिंह गुरूंग** : अप्रकाशित शोध प्रबन्ध
काँगड़ा के जन्म एवं विवाह संस्कार
गीतों का सांगीतिक विश्लेषण एवं
मूल्यांकन, गुरू नानक देव
विश्वविद्यालय, अमृतसर, वर्ष 1982-83

5. **केशव आनन्द** : हिमाचल का लोकसंगीत, संगीत
नाटक अकादमी,
नई दिल्ली - 110001

6. **डा. मनोरमा शर्मा** : लोकमानस के सुरीले स्वर
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय,
शिमला

7. **डा. मीनाक्षी दत्ता** : हिमाचली कृष्णकाव्य, काँगड़ा
शीला प्रकाशन, राज मन्दिर
नेरटी-1990

8. **डा. रमेश शर्मा अरूण** : काँगड़ी संस्कार गीतों की सामाजिक
व्याख्या 'रश्मि प्रकाशन'



जनमेजय सिंह गुलेरिया (राज्य शिक्षक सम्मान)
पुत्र स्व. श्रीमती शकुन्तला गुलेरिया व
श्री देस राज गुलेरिया (सेवानिवृत प्राचार्य)
जन्म : 4 फरवरी, 1968, नगरोटा सूरियां, कांगड़ा, हि.प्र.

शिक्षा

एम.एस.सी., एम. फिल गणित, एम.ए. संगीत, बी.एड, (हि.प्र. वि.वि. शिमला) संगीत विशारद, संगीत भास्कर, संगीत चूड़ामणि (स्वर्ण पदक) चण्डीगढ़

❖ शिक्षा व संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रदेश की राज्यपाल महामहिम श्रीमती उर्मिला सिंह द्वारा शिक्षक दिवस पर 5 सितम्बर 2014 को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में सम्मानित।

❖ संस्कृति मन्त्रालय भारत सरकार द्वारा काँगड़ा के विवाह गीतों के संगीतात्मक अध्ययन के लिए सीनियर फैलोशिप।

❖ संगीत नाटक अकादेमी दिल्ली व संस्कृति मन्त्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित काँगड़ा लोक साहित्य परिषद नेरटी की दो परियोजनाओं में संगीत निर्देशन व स्वरांकन।

❖ काँगड़ा जनपदीय जन्मगीतों की गायन शैली के संगीतात्मक अध्ययन पर शोधप्रबन्ध।

❖ आकाशवाणी, दूरदर्शन व विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अनेक प्रस्तुतियां व निर्णायक की भूमिका।

❖ टी. सीरीज व के एम. कंपनी के तीन पहाड़ी ऑडियो व वीडियो कैसटों में गायन व निर्देशक की भूमिका।

❖ संगीत विषय पर 'विश्व ध्यानाधार' व 'कला कुंज भारती' में आलेख प्रकाशित।

❖ स्वायत्त संस्थाओं – राजपूत कल्याण सभा (हि0प्र0), रोटरी क्लब धर्मशाला, शाहपुर व हिमाचल केसरी आदि विभिन्न संसस्थाओं द्वारा संगीत व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित।

❖ वर्ष 2009 में लोक संगीत व शास्त्रीय संगीत के संवर्धन हेतु संगीतांजली कला केन्द्र की स्थापना जिसके अंतर्गत लोक संगीत, छिंजोटी गायन के संगीतात्मक अध्ययन हेतु संस्कृति मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा छात्रवृति प्राप्त दो छात्रों का निर्देशन।

❖ अठारह वर्ष के अध्यापन काल में संगीत शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों द्वारा जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर निरन्तर पुरस्कार प्राप्ति के सन्दर्भ में मुख्य प्रेरक व निर्देशक

संप्रति– राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर में संगीत प्राध्यापक।

19 सिविल लाईन्ज, दुर्गा भवन, धर्मशाला
मो. 94180–65132 , मो. 98050–65132

ISBN: 978-81-931425-0-9